MR. CHAIRMAN: Now, Shri Ravi Shankar Prasad to move a motion for consideration of the Constitution (126th Amendment) Bill, 2019.

(Continued by YSR/2D)

YSR-SCH/2.10/2D

MR. CHAIRMAN (CONTD.): Yesterday, Ravi *ji* was expressing a doubt after that Bill saying, "Sir, why don't you take up this Bill and finish it off?" I told him 'no'. I did not allow it. But he was expressing a doubt whether after such an exhaustive discussion the required number of Members would come tomorrow. It is a Constitution Amendment Bill and for that two-thirds of the Members should be there and then the other condition of 50 per cent and all. I assured him that it is a very sensitive and important Bill, definitely, Members will be there. For the time being, I am happy because there is quorum. But we need to have two-thirds Members. Keep that in mind. Let the leaders also take note of it and see to it that the Members come to the House. Ravi *ji*.

THE CONSTITUTION (ONE HUNDRED AND TWENTY-SIXTH AMENDMENT) BILL, 2019

THE MINISTER OF LAW AND JUSTICE (SHRI RAVI SHANKAR PRASAD): Sir, I move:

That the Bill further to amend the Constitution of India, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration.

माननीय सभापति जी, सबसे पहले थोड़ा संक्षेप में मैं इसकी विषयवस्तु रख दूं, क्योंकि यह बताना बहुत जरूरी है। सर, आज इस बिल के माध्यम से, देश में हमारे जो अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के भाई-बंधु हैं, उनको लोक सभा और विधान सभा में जो आरक्षण मिला हुआ है, उसको 10 वर्षों के लिए आगे बढ़ाने का प्रस्ताव लेकर आए हैं। अपने उत्तर में मैं विस्तार से इसका जिक्र करूंगा।

सर, बाबा साहेब अम्बेडकर ने एक बहुत बड़ा काम किया था, क्योंकि वे जानते थे कि बिना सामाजिक न्याय और बिना वंचितों को आगे बढ़ाए यह काम नहीं हो सकता है। इस तरह देश को बदलने का काम हम संविधान के माध्यम से कर रहे हैं। स्वयं महात्मा गांधी जी ने भी इस दिशा में बहुत बड़ा काम किया था। सर, भारत के संविधान की धारा 330 में इस बात का प्रावधान है कि there shall be reservation for the Scheduled Castes. It is a positive mandate. Under Article 332, there shall be reservation for the Scheduled Tribes. That is a positive mandate. इस कारण लोक सभा की टोटल सीट्स 543 हैं, जिनमें से अनुसूचित जाति के लिए 84 सीट्स का

प्रावधान है और अनुसूचित जनजाति के लिए 47 सीट्स का प्रावधान है। पूरे देश में जो State Legislative Assemblies हैं, उनमें कुल 4,122 सीट्स हैं, जिनमें से 614 are for the Scheduled Castes and 554 are for the Scheduled Tribes. Under the constitutional provision, this number has to be proportionate to their number in the States.

सर, आर्टिकल 341 के अंतर्गत भारत सरकार ने 'The Constitution (Scheduled Caste) Order, 1950' और 'The Constitution (Scheduled Tribes) Order, 1950' निकाला था। इनमें इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि किस-किस प्रदेश में कौन-कौन सी सीट्स पर अनुसूचित जाति के कैंडिडेट्स होंगे और कौन-कौन सी सीट पर अनुसूचित जनजाति के कैंडिडेट्स होंगे, इसलिए उन सीट्स से कोई दूसरा व्यक्ति खड़ा नहीं हो सकता है। सर, उसमें यह भी लिखा हुआ है, "in case of the Scheduled Castes, those who are Hindus" और उसमें बाद में 'Sikh and Buddhist' को भी ऐड किया गया। वर्षों से इनके साथ discrimination रहा है।

सर, हमारे देश में कितने अनुसूचित जाति के लोग हैं और कितने अनुसूचित जनजाति के लोग हैं, यह चर्चा भी होती रहती है। जब हमारा देश आज़ाद हुआ था, तो भारत में 5 ,13,43,898 अनुसूचित जाति के लोग थे और अनुसूचित जनजाति के लोगों की संख्या 1 ,91,16,498 थी। जैसा कि आप जानते हैं कि हर दस साल में जनगणना होती है, तो 2011 के सेंसस में देश में अनुसूचित जाति के लोगों की संख्या

20,13,78,372 और अनुसूचित जनजाति के लोगों की संख्या 10 ,45,45,716 है। सेंसस सब लोगों की पूरी काउंटिंग करता है।

सर, जैसा मैंने बताया, हमारे संविधान के निर्माताओं ने यह आरक्षण दिया था, जिसके कारण देश में काफी बदलाव हुआ। सर, मैंने बाबा साहेब अम्बेडकर जी को बहुत विस्तार से पढ़ा है। उनके बारे में मैंने एक बात पहले भी उस सदन में कही थी और आज यहां कहता हूं कि बाबा साहेब अम्बेडकर Constitution की Drafting Committee के Chairman इसलिए नहीं थे क्योंकि वे एक दलित थे, वे Drafting Committee के Chairman इसलिए थे, क्योंकि उस समय वे भारत के सबसे अधिक जानकार संविधान विशेषज्ञ थे।

(2E/PSV-BHS पर जारी)

-YSR/BHS-PSV/2E/2.15

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD (CONTD.): He was the most well-known authority on Constitution. This, we need to understand कि उन्होंने किस तरह से जोड़ा कि सामाजिक न्याय भी जरूरी है। आज मुझे इस बात की बहुत खुशी है कि इस आरक्षण के माध्यम से देश में बहुत बड़े-बड़े नेता लोग आये, बड़े स्थानों पर सुशोभित रहे। जगजीवन राम जी ने बहुत काम किया। हम उनको जानते हैं। आज हमें इस बात का संतोष है कि आज देश के महामहिम राष्ट्रपति जी एक वरिष्ठ राजनेता उस समाज से आते हैं और बहुत योग्य काम कर रहे हैं। कई प्रदेशों में बड़े-बड़े नेता हुए हैं। परन्तु एक बात मैंने और देखी है। पूरे भारतवर्ष में कई ऐसे नेता, जो इन समाजों से

नहीं भी आये, उन्होंने भी बहुत मदद की। मैंने महात्मा गांधी जी की बात की। मैं दीनदयाल उपाध्याय जी की बात करना चाहूँगा। उन्होंने हमेशा वंचितों के लिए बहुत आवाज़ उठायी थी। मेरा सौभाग्य था कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की अगुआई में मैंने जेपी मूवमेंट में काम किया। उन्होंने भी हमें इस बात को सिखाया कि हमेशा इनके सम्मान की रक्षा होनी चाहिए।

सर, मैंने कुछ नेताओं की बात बतायी। मुझे इस बात का बहुत गर्व है। हमारी पार्टी में यहाँ पर स्वयं माननीय थावरचन्द गहलोत जी हैं, सत्यनारायण जटिया जी हैं, पहले सूरजभान जी भी रहे हैं, माननीय नारायण पंचारिया जी हैं और बहुत से लोग हैं, जिन्होंने हमारी पार्टी में भी काफी काम किया है। बाकी पार्टियों में भी काफी काम हुआ है। हमारे मत-विभेद हो सकते हैं, लेकिन मैं कांशीराम जी के त्याग और संकल्प का बहुत सम्मान करता हूँ। उन्होंने इस दिशा में बहुत काम किया था। आज बहन मायावती जी अपने तरीके से उस आन्दोलन को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही हैं। बाकी प्रदेशों में भी बहुत काम हुआ है।

जब मैं Scheduled Tribe की बात करता हूँ, तो मुझे हमेशा बिरसा मुंडा की बात याद आती है। उन्होंने झारखंड में बहुत बड़ा आन्दोलन किया था। हमारी पार्टी ने आदिवासी समाज के लोगों को बहुत आगे बढ़ाया है। मैं करिया मुंडा जी की बात करूँगा। जनसंघ के समय से हमारे बहुत प्रामाणिक नेता रहे हैं। बाकी ललित ओरांव स्वर्गीय हो गये। अन्य प्रदेशों में भी बहुत-बहुत काम हुए। आज अर्जुन मुंडा जी हैं। यहाँ

पर भी लोग हैं। जिस उद्देश्य से यह आरक्षण दिया गया था, वह उद्देश्य empowerment में, सामाजिक न्याय में, उनकी बढ़ोतरी में सहयोगी हुआ है।

सर, इस सदन को एक बात ध्यान में रखनी चाहिए। मुझे यह बताना बहुत जरूरी है कि संविधान के निर्माता बहुत सूझ-बूझ के लोग थे। उन्होंने आर्टिकल 15 और 16 में ओबीसी को बिल्कुल स्थान दिया, in employment, in educational institutions, लेकिन political reservation लोक सभा और विधान सभाओं में सिर्फ दो communities को दिया- Schedule Castes को और Scheduled Tribes को, क्योंकि उन्हें लगा कि अगर समाज को आगे बढ़ना है, तो हमें इनको भी साथ लेकर चलना पड़ेगा। सर, बाकी मैं विस्तार से इसका उत्तर प्रश्नों के आलोक में दूँगा।

सर, मैं एक विषय और कहूँगा। संविधान में एक और प्रावधान है कि Anglo-Indians को दो सीट्स लोक सभा में देनी चाहिए और एक-एक सीट विधान सभाओं में देनी चाहिए। But, Sir, I would like to very gently convey one thing to this House that whereas under Articles 330, 331 and 332, there is a positive mandate, there shall be a reservation for SCs and STs, but in case of Anglo-Indians, the provision is that the President may nominate. It is a power of nomination. The second very important issue is that this nominated category does not fall within the general number of Lok Sabha seats. Two additional in the Lok Sabha, one additional in the Vidhan Sabha, as the case may be. सर, मैं एक बात बहुत विनम्रता से कहना चाहूँगा कि अभी वह विचार चल

रहा है, लेकिन मैं एक बात सदन के सामने बताना चाहूँगा कि अभी हमने census के अनुसार SC-ST की population सुनी। अगर मैं क्रिश्चियंस की population की बात करूँ, तो 1951 में उस समय के census के मुताबिक देश में 81,57,765 क्रिश्चियंस थे और 2011 के census में उनकी population 2,78,19,588 हो गयी है। Sir, the Christians have risen, the SCs have risen, the STs have risen but as far as Anglo-Indians are concerned, unfortunately, the number of Anglo-Indians was 1,11,637 in 1951. Today, it has come to 296 only as per 2011 Census. One can differ with the number but I would like to highlight one thing surely. If you are accepting twenty crore plus population of Scheduled Castes as recounted by the Census, if you are accepting ten crore plus population of Scheduled Tribes as recounted by the Census and if you are willing to accept the number from eighty-one lakh in 1951 to two crore seventy-eight lakh of Christians, then, apparently, there is no reason I foresee as to why this number of 296 should be completely disbelieved.

(Contd. by RL/2F)

-BHS/RL-BKS/2.20/2F

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD (CONTD.): Sir, I will explain that during my reply but one thing I would like to surely flag as to how country's constitutional scheme had also progressed. And, this is very, very important

to be appreciated because these things are rarely discussed. There are two provisions of the Constitution, Article 336 and Article 337. Article 336 says that in the first two years after the commencement of the Constitution, the number of Anglo Indians in Railway, Custom, Postal and Telegraph Services shall continue to be the same but after ten years it shall cease. I am reading proviso of Article 336, "Provided that at the end of ten years from the commencement of this Constitution, all such reservations shall cease." Similarly, Sir, under Article 337, Anglo Indian community used to get educational grant. They said that this grant will continue for three years but after ten years it shall cease. Now, the Constitution came into effect in 1950 and after ten years both these provisions became non-operational. I do not want to make any political point, but whose Government was in 1960 is well-known. Therefore, this constitutional scheme has to be kept in mind. हमारी सोच पर मैंने कहा कि हम एंग्लो-इंडियन का विचार कर रहे हैं। लेकिन यह मेरी व्यक्तिगत सोच है, सरकार की सोच नहीं है, लेकिन एक एक्टिविस्ट के रूप में मैं बहुत महसूस करता हूं कि आज जो ऐसी बिल्कुल marginalised community हैं, जो अंधेरे में हैं, जो deprived हैं, जो election नहीं लड़ सकतीं, क्यों नहीं ऐसी deprived, marginalized कम्युनिटीज़ को हम सदन में स्थान दें, अगर हमें nomination करना है। इस बारे में इस सदन को कभी सोचना पड़ेगा और देश की polity को सोचना पड़ेगा।

लेकिन आज मेरा आपसे आग्रह है कि यह जो एस.सी.,एस.टी. का रिजर्वेशन है, जो 25 जनवरी को expire हो रहा है, हम इसे extend करें। यह हम सभी का नैतिक, संवैधानिक और राजनीतिक दायित्व है कि इन दोनों वर्गों के प्रति जो हमारा आगे बढ़ाने का संकल्प है, उसे हम उसे आगे बढ़ाएं।

मैं सदन से बहुत विनम्रता से आग्रह करुंगा कि इसे सर्वानुमति से पास करें। धन्यवाद।

(समाप्त)

The question was proposed.

MR. CHAIRMAN: We have three hours' time allocated for this Bill and after this Bill, we have the Constitution (Scheduled Tribes) Order (Second Amendment) Bill, 2019; some inclusion provision, of course, modifying the List. It is an issue confined to the State of Karnataka but this is also important. And, then, I have also approved as Supplementary Business, the Bill to provide for the establishment of an Authority to develop and regulate the financial services market in the International Financial Services Centres, to be moved by the Finance Minister. Then, if time permits and Members willing, we should have the discussion on the Appropriation (No.3) Bill also. That is the Business. So, keep to the schedule. I am not asking to reduce

time or any such thing. Keep the time in mind and then make your submissions; whatever you want. Now, Shri P.L. Punia.

श्री पी.एल.पुनिया (उत्तर प्रदेश) : सभापति जी, आपने मुझे इस महत्वपूर्ण बिल पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। 126वें संविधान संशोधन पर हम विचार कर रहे हैं, जिसके माध्यम से आर्टिकल 334 में संशोधन किया जा रहा है। आर्टिकल 334 के बारे में माननीय मंत्री जी ने बताया कि यह लोक सभा और विधान सभाओं में शेड्यूल्ड कास्ट्स, शेड्यूल्ड ट्राइब्स और एंग्लो-इंडियंस के लिए 26 जनवरी, 1950 से 10 वर्षों के लिए लागू किया गया था और एंग्लो-इंडियंस का बाय नॉमिनेशन छः बार, इससे पहले दस-दस वर्ष पर संशोधन हो चुका है।

(उपसभाध्यक्ष, डा.सत्यनारायण जटिया पीठासीन हुए)

एस.सी., एस.टी. का आरक्षण 25.01.2020 को समाप्त हो रहा है, इसलिए सरकार निर्णय लेकर आर्टिकल 334 में संशोधन करने के लिए इस संविधान संशोधन बिल को लेकर आई है।

(2G/VNK पर जारी)

VNK-DC/2G/2.25

श्री पी. एल. पुनिया (क्रमागत) : आर्टिकल 334 के अंतर्गत SC, ST और Anglo Indians का आरक्षण 1950 से अभी तक बना रहा। 126वें संविधान संशोधन के तहत एससी, एसटी के आरक्षण को तो दस वर्ष के लिए आगे बढ़ाया जा रहा है , लेकिन Anglo Indians को छोड़ दिया गया है। माननीय मंत्री जी इसका कारण कुछ अवगत

कराने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन लोक सभा में जो बिल पेश किया गया, उसके साथ जो Statement of Objects and Reasons दिए गए , उसमें Scheduled Castes, Scheduled Tribes के संबंध में जरूर बताया है कि संविधान निर्माताओं ने इन वर्गों के संबंध में जो कल्पना की थी, उस समय जो कारण थे, वे अभी खत्म नहीं हुए हैं, लेकिन Anglo Indians के बारे में एक शब्द भी उसमें नहीं लिखा गया। यह मुझे आश्चर्य है, इसलिए मैं यह समझता हूँ कि इस पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए, क्योंकि Anglo Indians के लिए भी जो परिस्थितियाँ उस समय थीं और जिस उद्देश्य से इनको आरक्षण दिया गया था, वे परिस्थितियाँ और उद्देश्य आज भी खत्म नहीं हुए हैं।

महोदय, खास तौर से नौकरियों में इन वर्गों के लिए जो आरक्षण है, उसके बारे में कुछ लोग टिप्पणी करते हैं कि यह आरक्षण दस वर्ष के लिए लागू किया गया था, अब यह कब तक चलता रहेगा? स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि दो तरह के आरक्षण हैं - एक तो आर्टिकल 334 के अंतर्गत लोक सभा और विधान सभाओं में Scheduled Castes, Scheduled Tribes का आरक्षण है, Anglo Indians का nomination का प्रावधान है, जो कि अब 25 जनवरी, 2020 के बाद समाप्त हो रहा है। यह Article 334 के अंतर्गत है और दूसरा आरक्षण Articles 15 and 16 के अंतर्गत है, जैसा कि माननीय मंत्री जी ने इसके बारे में बताया भी कि educational institutions में दाखिले के बारे में, सरकारी और public sector undertakings में नौकरी के बारे में , पदोन्नति के बारे में, पदोन्नति में आरक्षण के बारे में, backlog vacancies को भरने के बारे में , इन सबका पूरा प्रावधान Articles 15 and 16 में दिया हुआ है। आर्टिकल 334 के अतर्गत इन वर्गों के

लिए सबसे पहले 1950 में दस वर्ष के लिए यानी 25.1.1960 तक के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया था, उसको दस-दस वर्ष पर बढ़ाया जाता रहा है। अभी यह 25 जनवरी, 2020 तक है और इसको इस संविधान संशोधन के माध्यम से 25 जनवरी, 2030 तक बढ़ाया जा रहा है। यह हर दस-दस साल के लिए बढ़ाया जाने वाला आरक्षण आर्टिकल 334 का है, लेकिन आर्टिकल 15 और 16 के अंतर्गत जो आरक्षण है, जिसके तहत दाखिले, नौकरी आदि में इन वर्गों को आरक्षण दिया जाता है, उसकी कोई समय-सीमा नहीं है। इस प्रकार से दो आरक्षण अलग-अलग हैं, इसके बारे में पूरी तरह से समझ लेना चाहिए।

महोदय, माननीय मंत्री जी ने इसके उद्देश्य के बारे में बताया, उसकी संख्या, जनसंख्या आदि के बारे में बताया, लेकिन बिल के साथ जो Objects and Reasons दिए गए हैं, उसमें बताया गया है कि आरक्षण देने के जो उद्देश्य और कारण थे, वे समाप्त नहीं हुए हैं और वे अभी भी कायम हैं। यह भी समझ लेना चाहिए कि वे कौन से reasons थे। बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर ने 25 नवम्बर, 1949 को संविधान सभा में अपने भाषण में कहा था कि मुझे खुशी है कि हम इनको universal franchise के माध्यम से राजनीतिक अधिकारों की बराबरी दे पा रहे हैं, लेकिन हम विरोधाभास के युग में प्रवेश कर रहे हैं - एक तरफ राजनीतिक अधिकारों की बराबरी और दूसरी तरफ सामाजिक और आर्थिक गैर-बराबरी और यह हमारे लिए आगे आने वाले समय में चुनौती होगी। उन्होंने एक चेतावनी के रूप में कहा था कि इस गैर-बराबरी को जितना जल्दी हो सके, समाप्त किया जाना चाहिए, अन्यथा इससे पीड़ित व्यक्ति इस

संवैधानिक व्यवस्था को ध्वस्त कर देगा। आरक्षण देने के ये मुख्य कारण थे। बहुत से सुधार हुए हैं, इसको माननीय मंत्री जी ने भी admit किया, अनेक योजनाएँ आई हैं, लेकिन आज भी सामाजिक गैर-बराबरी मौजूद है और विशेषकर गाँवों में जाति के आधार पर ऊँचा-नीचा दर्जा माना जाता है।

(2H/RK-RSS पर जारी)

RK-RSS/2H /2.30

श्री पी.एल. पुनिया (क्रमागत) : मैं बताना चाहूँगा कि क्या यह सही नहीं है कि honour killing की शर्मनाक घटनाएं अभी भी हो रही हैं? अगर किसी दलित लड़के ने किसी अपर कास्ट लड़की से शादी कर ली, तो उसके जीवन को हमेशा खतरा बना रहता है। अनुसूचित जातियों को मंदिर में प्रवेश से रोकने की शिकायतें अनेक जगहों से आती हैं और बहुत-से विशेष कुओं से पानी लेने को भी मना किया जाता है, ऐसा कई जगह होता है। बहुत-सी जगह यह भी दृष्टांत आए हैं कि दलित दूल्हा अपर कास्ट मोहल्ले से बारात लेकर नहीं जा सकता। गुजरात, अन्य जगह भी, जैसे मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और अनेक जगहों में दलित दूल्हा गाँव में घोड़ी पर चढ़कर बारात नहीं निकाल सकता। मैं आपको सामाजिक गैर-बराबरी और विषमता के बारे में बताना चाह रहा हूँ। एक शर्मनाक घटना अकसर मीडिया के माध्यम से भी आती है कि दलित बच्चों को स्कूल में मिड-डे मील के लिए अलग लाइन में बिठाया जाता है और उनको अलग बरतन दिए जाते हैं। क्या यह भी सही नहीं है कि अगर दलित रसोइए के द्वारा भोजन तैयार किया जाता है, तो अनेक स्कूलों में उसका बहिष्कार किया जाता है? बहुत-सी

जगहों पर मरने के बाद अपर कास्ट के गाँव या गली से उनका शव ले जाने से भी मना किया जाता है। यह अपनी जगह एक हकीकत है। जैसे उन्नाव में घटना हुई, कई जगह घटनाएं हुईं, गुजरात में घटना हुई। ऊना, गुजरात में लोगों को पीटा गया। वे दलित थे, गरीब थे, इसलिए उनको पीटा गया, मारा गया। अनेक उत्पीड़न की घटनाएं सामने आती हैं, लेकिन मैं यह मानता हूँ कि 1950 का दलित समाज आज काफी बदला हुआ है। यह 1950 वाला समाज नहीं है। आज काफी विकास हुआ है, लेकिन अभी भी अन्य जातियों के मुकाबले अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति विकास में पिछड़े हुए हैं। साक्षरता में एससी केवल 66 परसेंट हैं, जबकि सामान्य वर्ग 74 परसेंट है और एससी महिलाएं केवल 56.5 परसेंट हैं, जबकि सामान्य वर्ग की महिलाएं 64.63 परसेंट हैं। देश की 75 परसेंट दलित महिलाएं anemic हैं, अत्यधिक खून की कमी से जूझ रही हैं और 50 परसेंट महिलाएं और बच्चे कुपोषण के शिकार हैं। 50 परसेंट से अधिक एससी फैमिलीज़ गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन कर रही हैं। 83.5 परसेंट एससी फैमिलीज़ की मासिक आय 5,000 रुपए से कम है। 67 परसेंट एससी फैमिलीज़ केवल casual labour के रूप में काम कर रही हैं। अनुसूचित जाति के 3.95 परसेंट ही सरकारी नौकरियों में हैं और प्राइवेट सेक्टर में करीब 2 परसेंट हैं। इन सब आंकड़ों से पूरी तरह से स्पष्ट है, जो बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर ने कहा था कि सामाजिक और आर्थिक गैर-बराबरी है, तो आज भी गैर-बराबरी है। आरक्षण के पीछे बाबा साहेब ने जो मानक निर्धारित किए थे, सामाजिक, आर्थिक गैर-बराबरी को दूर करने के लिए जो मानक निर्धारित किए थे, वे आज भी मौजूद हैं, पूरे नहीं हुए। सरकार ने अपने

Statement of Objects and Reasons में यह तो स्वीकार किया है कि जो परिस्थितियाँ संविधान सभा के सामने थीं, वे आज भी मौजूद हैं, लेकिन सरकार ने यह नहीं बताया कि दस साल के लिए रिज़र्वेशन बढ़ाया जा रहा है, उन दस सालों में, जो आर्थिक, सामाजिक विषमता दूर करने का मानक है, क्या वे दस साल में विषमताएं दूर कर लेंगे? अगर नहीं, तो मैं चाहूँगा, क्या सरकार इसको स्वीकार करेगी कि इसका पूरा एक impact assessment किया जाए। अब तक की जितनी भी योजनाएं आईं, उनका क्या परिणाम रहा? सामाजिक, आर्थिक गैर-बराबरी दूर करने में उनकी क्या भूमिका रही?...(समय की घंटी)... आगे कितने दिनों में गैर-बराबरी पूरी तरह से समाप्त कर दी जाएगी? इसके साथ-साथ मैं यह सुझाव भी जरूर देना चाहूँगा कि आप लोक सभा और विधान सभा के लिए तो आरक्षण की व्यवस्था कर रहे हैं, इसके माध्यम से दस साल के लिए बढ़ा भी रहे हैं, लेकिन इसे राज्य सभा में भी क्यों नहीं लागू किया जा सकता?

एक माननीय सदस्य : विधान परिषद्।

श्री पी.एल. पुनिया : मेरा यह मानना है कि इसे राज्य सभा और विधान परिषद में लागू क्यों नहीं किया जा सकता? आर्थिक संपन्नता से सोशल स्टेटस में सुधार होता है। नौकरी में आरक्षण से भी आर्थिक संपन्नता आती है।...(समय की घंटी)...

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया) : पी.एल. पुनिया जी, समय हो गया है।

(2जे/डीएस पर आगे)

DS-KGG/2.35/2J

श्री पी.एल. पुनिया : सर, मैं कन्क्लूड कर रहा हूँ। नौकरी में आरक्षण से भी आर्थिक सम्पन्नता आती है और चपरासी की नौकरी मिलने के बाद भी समाज में उसका एक दबदबा बनना शुरू हो जाता है। मैं यह चाहूँगा कि SC sub-plan, tribal sub-plan, जो पहले चल रहा था, जिसका एक अपना impact होता था, वह सरकार ने खत्म किया है। मैं जानना चाहता हूँ कि उसको फिर से बहाल करने का विचार है या नहीं है? Lateral appointments में Joint Secretary तक आरक्षण को आपने खत्म किया है, वह आरक्षण आप बहाल करेंगे या नहीं? Class Four और Class Three के पदों पर लोग contract पर रखे जा रहे हैं, क्या इसको खत्म कर आप उन पदों में आरक्षण प्रदान करेंगे? जो बैकलॉग है, जो पद बड़ी संख्या में खाली हैं, उन पर आप भर्ती करेंगे या नहीं करेंगे? पब्लिक सेक्टर निजी हाथों में बेचे जा रहे हैं, जहाँ कोई आरक्षण नहीं है। आप प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण लागू करेंगे या नहीं करेंगे?

महोदय, मैं संविधान (संशोधन) विधेयक का स्वागत करता हूँ, लेकिन इसी के साथ मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि आर्थिक-सामाजिक विषमताओं को पूर्णतः खत्म करने के लिए विशिष्ट अभियान के रूप में आप कदम उठाएँ, ताकि भविष्य में आरक्षण देने की जरूरत ही न पड़े। मेरा अनुरोध है कि एंग्लो-इंडियंस के लिए भी आरक्षण जारी रहना चाहिए। इसी के साथ, मैं इस संविधान (संशोधन) बिल का समर्थन करता हूँ।

(समाप्त)

डा. किरोड़ी लाल मीणा (राजस्थान) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं मोदी जी के इस कदम का बहुत-बहुत स्वागत करता हूँ कि 126वाँ संविधान संशोधन विधेयक आज लाया गया, जो देश के एससी-एसटी वर्ग के लोगों को और 10 साल का मौका देगा, लेकिन मोदी जी जब पहली बार प्रधान मंत्री बने थे, तो यह आम अफवाह फैलाई गई, एससी-एसटी के लोगों को बहकाया गया, उनको गुमराह किया गया कि मोदी जी प्रधान मंत्री बन गए, अब एससी-एसटी के आरक्षण को खतरा है।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, यह कहा गया कि प्रधान मंत्री आरएसएस के कदमों पर चलेंगे और संघ आरक्षण विरोधी विचारधारा रखता है। महोदय, यहाँ तक कहा गया कि मोदी संविधान तक को बदलेंगे, लेकिन यह सब कुछ करने के बाद -- महोदय, हमारे जो विचारक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी थे, उन्होंने अंत्योदय के सिद्धान्त का प्रतिपादन किया, जिसका उद्देश्य था कि समाज की अंतिम पंक्ति में जो व्यक्ति खड़ा है, उसको आगे कैसे लाया जाए, उसका पिछड़ापन कैसे दूर किया जाए। यह हमारी मूल विचारधारा है कि जो आर्थिक दृष्टि से कमजोर है, उसको कैसे मजबूत किया जाए। जब हमारा मूल विचार ही यही है, तो हम या मोदी जी किसी भी तरह से आरक्षण विरोधी नहीं हो सकते। हमारी विचारधारा सदा आरक्षण के पक्ष में रही है, जिसका परिणाम यह है कि देश की आज़ादी के 72 साल बाद, आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को 10 परसेंट रिज़र्वेशन देने का ऐतिहासिक निर्णय अगर किसी ने लिया है, तो वह मोदी जी की सरकार ने लिया है। इसलिए, विपक्षी जो भ्रामक प्रचार करते हैं, वह किसी भी तरह से उचित नहीं है। यही नहीं, मोदी जी की सरकार आने के बाद अन्य

पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया गया। मोदी जी के आने के बाद देश के राष्ट्रपति भी एक दलित समाज से बने हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान से आता हूँ, मैं एसटी वर्ग का हूँ और मुझे राज्य सभा में भेजा गया। मेरे साथी, श्री रामकुमार वर्मा जी भी राजस्थान से यहाँ आए हैं, जो कि एससी वर्ग के हैं। राजस्थान की 10 राज्य सभा सीटों में से एससी-एसटी के हम दो लोगों को राज्य सभा में भेजकर भारतीय जनता पार्टी ने, मोदी जी की सरकार ने इस वर्ग का सबसे बड़ा सम्मान किया है। यही नहीं, हमारे यहाँ राज्य सभा में शायद पहली बार एससी वर्ग के माननीय श्री थावरचन्द गहलोत जी सदन के नेता के रूप में हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, वर्ष 2019 के लोक सभा के चुनाव में एक बार फिर तेजी से माहौल बिगाड़ा गया, ताकि एससी-एसटी के लोगों में भ्रम फैल जाए और मोदी जी की सरकार न आए।

(2के/एमज़ैड पर जारी)

MZ-SSS/2.40/2K

डा. किरोणी लाल मीणा (क्रमागत) : उनको बहकाया गया, गुमराह किया गया कि मोदी आएगा तो आरक्षण खत्म हो जाएगा। हम बहुत घूमे, लोगों को समझाया। ये प्रतिपक्ष के लोग कहते थे कि जैसे अचानक नोटबंदी लागू कर दी, आधी रात को जीएसटी लागू कर दिया, वैसे ही मोदी जी आधी रात को आपका आरक्षण खत्म कर देंगे, लेकिन मेरे प्रतिपक्ष के भाइयों और बेंच के सदस्यो, सुन लीजिए कि देश के

एस.सी./एस.टी. के लोग गुमराह नहीं हुए और हमें 330 सीटें देकर प्रचंड बहुमत दिया, जिसका परिणाम यह है कि मोदी जी ने आज 10 साल का आरक्षण बढ़ा दिया है, जिस पर आज राज्य सभा से भी ठप्पा लग जाएगा। इसे अटल जी ने भी बढ़ाया, लेकिन विपक्ष के लोगों की कुप्रचार करने की प्रवृत्ति बन गई और वे एस.सी./एस.टी. के लोगों को वोट बैंक समझने लगे। महोदय, असलियत यह है कि हमारी काँग्रेस ने बहुत लम्बा राज किया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का क्या किया, उन्हें कैसे-कैसे अपमानित किया, यह हमने कई बार सुना है और देश जानता है। माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, अगर डॉ. अम्बेडकर नहीं होते तो एस.सी./एस.टी. के लोग, मेरे जैसा व्यक्ति डॉक्टर नहीं बन सकता था और मैं इस संसद का मुंह भी नहीं देख सकता था।...(व्यवधान)...

श्री मधुसूदन मिस्त्री : कांग्रेस का शुक्रिया अदा करो, आप डॉक्टर बने हो।

डा. किरोणी लाल मीणा : कांग्रेस का शुक्रिया है और कांग्रेस का शुक्रिया नहीं भी है। डॉ. अम्बेडकर को आरक्षण को लागू करने में कितनी कठिनाई आयी। आपके तो कई नेता अनशन पर भी बैठ गए थे कि हमको आरक्षण न मिले। अम्बेडकर जी ने कहा था कितनी ही मुसीबतों का मुकाबला करते हुए, तमाम कष्ट सहन करते हए, जो कारवां मैं यहां तक ले आया हूं, मेरे अनुयाइयो, इस कारवें को निरंतर आगे बढ़ाते रहना। अगर आप न बढ़ा सको तो उसे रोक देना, किंतु उसे पीछे मत जाने देना। यह अम्बेडकर जी ने कहा था। वे किन विषम परिस्थियों में इसे लेकर आए, आप समझ सकते हैं कि उस समय कितना विरोध था, जब आरक्षण का प्रावधान किया गया था, बहुत अड़ंगे भी लगाए गए थे। उन्होंने यह भी कहा कि संविधान में मैंने जो अधिकार आपको दिलवाए हैं,

वे पर्याप्त नहीं हैं, आपको और अधिकार लेने की ज़रूरत है। यदि और अधिकार न ले सकना तो कम से कम इतना ज़रूर करना कि उसे पीछे मत आने देना। मैं मोदी जी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने अम्बेडकरजी की उस मूल भावना का ध्यान रखा और इसको 10 साल तक आगे बढ़ाने का साहसिक कदम लिया है। कांग्रेस ने क्या किया, यह सबको पता है। ट्राइबल्स को आरक्षण दिलाने में डॉ. जयपाल मुंडा का भी रोल था। कांग्रेस ने दोनों का अपमान किया। कांग्रेस ने उनके प्रति दुर्भावना रखी। सबको पता है कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी को भारत रत्न कब दिया गया, सबको पता है कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर का सेंट्रल हॉल में चित्र कब लगा, तब लगा जब एक दलित का बेटा रामविलास पासवान केंद्र में मंत्री बन कर आया, वरना कांग्रेस ने नहीं सोचा कि सेंट्रल हॉल में उनका चित्र लगना चाहिए। निम्न वर्ग के साथ डिस्क्रिमिनेशन और एस.सी./एस.टीज़ का isolation, यह इसका मुख्य कारण था, किंतु जैसा अभी पुनिया जी बता रहे थे, यह बात सही है कि अभी डिस्क्रिमिनेशन है और उसको दूर करने की आवश्यकता है। उसी दृष्टि से यह बिल यहां पर लाया गया है। मैं मंत्री जी को इस मौके पर एक सुझाव देना चाहूंगा, वैसे सारे देश की यही स्थिति होगी कि लोक सभा में 543 सीटें हैं, जिनमें एस.सी. की 84 सीटें हैं और 543 सीटों में 47 सीटें एस.टी. की हैं। जब रिज़र्वेशन दिया गया था, उस समय राजस्थान में एस.सी. की पॉपुलेशन 16 परसेंट थी और एस.टी. की 12 परसेंट थी। अब राजस्थान में एस.सी. की पॉपुलेशन 18 परसेंट हो गई और एस.टी. की 14 परसेंट हो गई। मैं मंत्री जी को सुझाव देना चाहूंगा कि जिस ढंग

से वहां जनसंख्या बढ़ रही है, उस हिसाब से legislation में प्रतिनिधित्व बढ़े और नौकरियों में भी परसेंटेज बढ़े।

दूसरा मैं मंत्री जी से यह कहना चाहूंगा कि पीएसयूज़ में आरक्षण का प्रावधान किया जाए।

(2L/DN पर जारी)

DN-NBR/2L/2.45

डा. किरोड़ी लाल मीणा (क्रमागत) : और ज्यूडिश्यरी में आरक्षण दिया जाना बहुत महत्वपूर्ण है। एक-एक विरोधी दल क्रीमी लेयर की तलवार हमारे ऊपर लटकाता रहता है। इसके बारे में भी स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी से प्रार्थना करना चाहूंगा कि यह जो बैकलॉग की बीमारी है, तो इतना बड़ा बैकलॉग हरेक विभाग में होने का क्या कारण है? अब तो योग्य candidates भी उपलब्ध हैं, इसलिए मैं मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि बैकलॉग बिल्कुल भी नहीं छोड़ा जाना चाहिए। विशेषकर ट्राइबल्स में एक समस्या यह है कि वहां पर बड़ी माइन्स लगती हैं, बड़े उद्योग लगते हैं, वहां बड़े मिनरल्स निकलते हैं और वहां पर सिंचाई की योजना है।

...(व्यवधान)...

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया) : माननीय सदस्य आपस में बातचीत न करें।

डा. किरोड़ी लाल मीणा : उस समय आदिवासियों का बड़े पैमाने पर विस्थापन होता है। उनका प्रोजेक्ट के नाम पर तो विस्थापन कर दिया जाता है, लेकिन उनका proper rehabilitation नहीं किया जाता है। उनके proper rehabilitation की चिंता सरकार

को करनी पड़ेगी। जब एफ.आर.ए. एक्ट आया, तो एफ.आर. ए. एक्ट आने के बाद कुछ पट्टे बने और कुछ नहीं बने। अभी हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसला दिया कि जिनको पट्टा नहीं मिला, उनसे जंगल खाली कराए जाएं। मैं मोदी जी की सरकार को धन्यवाद देना चाहूंगा कि वह सुप्रीम कोर्ट में गई और इस पर स्थगन ले आई। उसके बावजूद भी जंगलों से आदिवासियों को खदेड़ा जा रहा है, उनके साथ जोर-जबरदस्ती की जा रही है, इसलिए मैं मंत्री जी से प्रार्थना करना चाहूंगा कि इस पर विशेष cognizance लिया जाए। माननीय मंत्री जी, राजस्थान में मीणा एक एस.टी. जाति है। मीणा जब आरक्षण में नॉमिनेट हुए, उसमें English में 'MINA' था और हिंदी 'मीना' था। मीना, मीणा वैसे ही एक बात है, जैसे पानी और पाणी होता है, आडवानी और आडवाणी होता है। इसमें केवल बोलने का फर्क है। इसलिए मैं मंत्री जी से मांग करूंगा कि हिन्दी में 'मीणा' और English में 'MEENA' का certificate राजस्थान में नहीं दियाजा रहा है। अतः हिन्दी में 'मीणा' और English में 'MEENA' के संशोधन जारी करके आप उनको लाभान्वित करने की कोशिश करेंगे। मैं मोदी जी की सरकार का धन्यवाद देना चाहूंगा कि शिक्षा की दृष्टि से विशेषकर ट्राइबल्स के लिए एक Ekalavya Model Residential Schools खोला है, जिनमें English medium होगा। इससे 50% की आबादी या जहां 20 हज़ार ट्राइबल्स रहते हों, वहां ये विद्यालय खोले जा रहे हैं। इससे एस.टी. के बच्चे IIT NEET की परीक्षा पास करेंगे और UPSC में उनका selection हो पाएगा। मोदी जी ने स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाया, जिसके कारण एस.सी. और एस.टी. के लोग entrepreneur बन पाएं। ऐसा कभी कांग्रेस ने नहीं

सोचा। मोदी जी ने मुद्रा योजना चलाई, जिससे Start Up और Stand Up योजना के जरिए एस.सी. और एस.टी. के यूथ को रोज़गार मिला और उनको आगे बढ़ने का मौका मिला। माननीय मंत्री जी, मैं आपसे एक बात और कहना चाहूंगा, जो बड़ी गंभीर है और वह यह है कि एस.सी./एस.टी. के फर्जी सर्टिफिकेट लोग पा लेते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी direction दी है कि कुछ ऐसी व्यवस्था की जाए कि दूसरे लोग फर्जी सर्टिफिकेट न ले पाएं। महाराष्ट्र सरकार ने यह किया है कि वहां ब्लॉक लेवल पर, डिस्ट्रिक्ट और स्टेट लेवल पर Scrutiny Committee बनाई है। मैं माननीय मंत्री जी से मांग करना चाहूंगा कि महाराष्ट्र के पैटर्न पर सर्टिफिकेट बनाने का अगर कोई legislation लाएंगे, तो फर्जी सर्टिफिकेट नहीं बनेंगे और हमारे जो एस.सी./एस.टी. के भाई हैं, उनका अधिकार नहीं मारा जाएगा।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं प्रधान मंत्री मोदी जी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने डेवलपमेंट की दृष्टि से Aspirational Districts में विशेष कार्य योजना हाथ में ली है। उन Aspirational Districts के जरिए 110 districts लिए गए हैं। उनमें सबसे ज्यादा एस.सी. और एस.टी. के लोगों को फायदा होगा, इसके लिए मैं माननीय मोदी जी का आभार प्रकट करना चाहूंगा। माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी, जो आवास योजना लेकर आए हैं, उसमें सबसे ज्यादा एस.सी. और एस.टी. के लोगों को आवास मिलने का मौका मिला है।

(2M/SC पर जारी)

SC-USY/2.50/2M

डा0 किरोड़ी लाल मीणा (क्रमागत) : मोदी जी ने जो विश्व की सबसे बड़ी "आयुष्मान भारत योजना" लागू की है, उस "आयुष्मान भारत योजना" के जरिए सबसे ज्यादा गरीब दलितों और एसटी के भाइयों का इलाज हो पाएगा। इसी तरह से "सौभाग्य योजना" लागू की गयी है, इस योजना के अंतर्गत हर घर में बिजली पहुंच पाएगी। इस प्रकार एससी, एसटी के ऐसे अंदरूनी एरियाज़, ट्राइबल्स के अंदरूनी एरियाज़, जिन्हें आज तक बिजली मुहैया नहीं हुई थी, उन्हें बिजली दिलायी जा सकेगी। गवर्नमेंट ने "हर घर नल, हर घर जल" नामक योजना भी शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत भी एससी, एसटी के गरीब लोगों के घर तक पानी पहुंचेगा। ..(समय की घंटी).. मोदी जी ने पांच साल से..(समय की घंटी).. और आगे तक भी एससी, एसटी के बजट को बढ़ाया है। मैं माननीय मंत्री जी से कहूंगा कि वे स्टेट्स को ऐसे directions दें कि जिस स्टेट में जितनी उनकी तादाद है, उस स्टेट की सरकार भी इनके बजट को उसी तरह से बढ़ाए, जैसे सेंट्रल गवर्नमेंट बढ़ा रही है।

महोदय, माननीय विश्वनाथ प्रताप सिंह जी ने जिस ढंग से उनकी चिंता की थी और 1989 में जब रामविलास जी मंत्री थे, तो वे Scheduled Caste and Scheduled Tribe (Prevention of Atrocities) Act लाए थे। उसमें 24 प्रकार के गुनाहों के संबंध में प्रावधान थे, लेकिन जब मोदी जी सरकार में आए - मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहूंगा क्योंकि कांग्रेस ने कभी इस बात की चिंता नहीं की कि देश भर में दलितों के साथ, एससी, एसटी के लोगों के साथ अत्याचार हो रहा है, इसलिए वह कोई कानून लाए।

कुमारी शैलजा : कानून कौन लाया?..(व्यवधान)..

डा0 किरोड़ी लाल मीणा : एनडीए की सरकार लायी और इस कानून में, जब मोदी जी 2016 में आए..(व्यवधान)..

कुमारी शैलजा : वे गलत कह रहे हैं।..(व्यवधान)..

श्री पी.एल.पुनिया : वे गलत आक्षेप लगा रहे हैं।..(व्यवधान)..

उपसभाध्यक्ष (डा0 सत्यनारायण जटिया) : आप बैठ जाइए।..(व्यवधान).. पुनिया जी, बैठिए। अगर वे गलत कह रहे हैं तो आपको जब मौका..(व्यवधान).. ठीक है, आप बैठिए। ..(व्यवधान)..

कुमारी शैलजा : *

डा0 किरोड़ी लाल मीणा : मोदी जी 2016 में ..(व्यवधान)..हरियाणा में बहुत अत्याचार होते हैं। ..(व्यवधान).. शैलजा जी, आप बैठ जाइए।..(व्यवधान)..

उपसभाध्यक्ष (डा0 सत्यनारायण जटिया) : बीच में खड़े होकर मत बोलिए। ..(व्यवधान).. आप बिना इजाज़त के मत बोलिए, कुछ record में नहीं जाएगा।

डा0 किरोड़ी लाल मीणा : वहां बहुत अत्याचार होते हैं। ..(व्यवधान)..

उपसभाध्यक्ष (डा0 सत्यनारायण जटिया) : जो बिना इजाज़त के बोल रहे हैं, वह record में नहीं जाएगा।

डा0 किरोड़ी लाल मीणा : 2016 में मोदी जी जब सत्ता में आए तो उन्होंने 24 की जगह ..(व्यवधान)..

कुमारी शैलजा : *

उपसभाध्यक्ष (डा0 सत्यनारायण जटिया) : आप लोग आपस में बात मत करिए। ..(व्यवधान)..

***Not recorded**

डा0 किरोड़ी लाल मीणा : 24 की जगह 46 गुनाहों के संबंध में मोदी जी ने प्रावधान किया। ..(व्यवधान)..

उपसभाध्यक्ष (डा0 सत्यनारायण जटिया) : मैं allow नहीं कर रहा हूं, record में कुछ नहीं जाएगा।

डा0 किरोड़ी लाल मीणा : मामला कोर्ट में गया तो कोर्ट ने ..(समय की घंटी)..

उपसभाध्यक्ष (डा0 सत्यनारायण जटिया) : अब conclude करिए। आपका समय समाप्त हो गया है।

डा0 किरोड़ी लाल मीणा : कोर्ट ने सेक्शन 3 को dilute कर दिया। मैं प्रधान मंत्री मोदी जी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि दलितों की रक्षा के लिए, एसटी की रक्षा के कोर्ट का फैसला बदलकर भी हमारी रक्षा करने का काम अगर किसी ने किया है, तो उनकी सरकार ने किया है। मान्यवर, promotion में आरक्षण में अगर कोर्ट ने फैसला किया तो उसको भी अगर बदलने का काम किया, affidavit देकर, तो मोदी जी की सरकार ने किया। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जो कांग्रेस के भाई हैं..(समय की घंटी)..

उपसभाध्यक्ष (डा0 सत्यनारायण जटिया) : अब conclude करिए। आपका टाइम पूरा हो गया है।

डा0 किरोड़ी लाल मीणा : यू.जी.सी. में भी मोदी सरकार प्रावधान लेकर आयी, जहां उनके प्रोफेसर बने, lecturer बने। इसी तरह से भीमराव अम्बेडकर जी का दिल्ली में सबसे बड़ा स्मारक बनाया तो मोदी जी ने बनाया। ..(व्यवधान)..

उपसभाध्यक्ष (डा0 सत्यनारायण जटिया) : श्री देरेक ओब्राईन।

डा0 किरोड़ी लाल मीणा : मऊ में बनाया, कहीं भी बनाया। कांग्रेस एससी, एसटी के लोगों का वोट बैंक के रूप में उपयोग करती रही है, उन्हें misguide करती रही है। एससी, एसटी के लोगों का सबसे ज्यादा कल्याण करने का काम नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने किया है, इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहता हूं और मंत्री जी को कहना चाहता हूं कि मैं इस बिल का समर्थन करता हूं, बहुत-बहुत धन्यवाद।

(समाप्त)

उपसभाध्यक्ष (डा0 सत्यनारायण जटिया) : श्री देरेक ओब्राईन।

SHRI DEREK O'BRIEN (WEST BENGAL): Sir, I have lost my voice, but only my throat, not metaphorically. ...(Interruptions)...

उपसभाध्यक्ष (डा0 सत्यनारायण जटिया) : आप आराम-आराम से बोलिए।

SHRI DEREK O'BRIEN: Sir, the Government is extending the reservation for SCs and STs by ten years. This had earlier happened in 1959, 1969, 1979, 1989, 1999 and 2009. This has happened six times before. We welcome it with open arms. We only wish from the All India Trinamool Congress, why only ten years? Make it twenty years, we will be with you; make it thirty years, we will be with you. Bring the Amendment Bill. You are doing all this here. But, in Bengal, you have been humiliating the SCs and the STs for the last one week because we want to pass, in the Assembly, the SC/ST Commission Bill. The highest constitutional authority there has not signed

the Bill. I don't need a certificate from anybody, but the National Commission for Scheduled Castes has made Bengal the role model.

(Contd. by 2n – PK)

PK-PRB/2N/2.55

SHRI DEREK O'BRIEN (CONTD.): Enough said. If the other States follow the role model of SC/ST, we will all be doing well. This is said by the National Commission for SCs and STs. I am on something else today. We will all support this Bill. What else is happening here? What is in the Bill is good. What has been left out, is it devious, is it diabolical, is it deceitful? You are not putting something in this Bill. I will withdraw whatever I say, if you try and find the constitutional way to keep the other two reservations, because, otherwise, we know the mask is off. Please do not pit minorities versus minorities. We cannot bring an amendment to this if we want to, because, then, you will say, we are SC/ST. So, don't give us sanctimonious lectures about being SC/ST, and don't talk to us about persecution in neighbouring countries. Look at what is happening here today. In the North East, the MPs are not allowed to say that North East is burning. Jammu and Kashmir is shut down. ...(Interruptions).. Muslims, Bengali Hindus, Christians; Christmas, 14 days from now, we were told it is not the

Christmas Day, it is Good Governance Day. Now, let us come to the specific issues of why this has been left out. As the Minister himself admitted today that if a community is not पिछड़े हुए or forward; of course, the Anglo-Indians have never been a backward community, we have always been a forward community. By the way, this is the first time in 15 years of public life, I am speaking publicly as an Anglo Indian, I have never done that. Nor have I come to the House as an Anglo Indian MP. No. Anglo Indian is a small community, 3.5 lakhs. If the Minister lays that on the Table with his reply that we are 295, please, let him lay it on the Table, I would appreciate it. We are small or 296. We are a small community with a big influence because we run the best schools in this country where lakhs and lakhs of people go. Now, let us look at some other numbers. You have said that there are 297. Okay, I will take your figure. You have said, zero in U.P., zero in Uttarakhand, zero in Jharkhand and zero in Madhya Pradesh. Then, I want to challenge the BJP, how could they nominate four Anglo Indian MLAs there in the last three years? Illegal! Give me answer to this. How did you nominate when zero is there?

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया) : आपका गला खराब है..

श्री देरेक ओब्राईन : गला खराब है, लेकिन दिमाग खराब नहीं है।

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया) : दिमाग तो अच्छा बनाए रखिए।

SHRI DEREK O'BRIEN: You are not going to renew these two MPs. You are not going to renew the 30 State MLAs. Fine! You are also denying the community, as a result of this, Rs.1,300 crores because these MPs and MLAs would use this money. According to him, 297; according to the community, what the number is, we will go to the Supreme Court to make it 3,00,000 plus. Now, let us come to vote bank. Who talks about vote bank? They keep talking about vote bank. They are shameless vote bank. It is vote bank, vote bank, not for SC/ST. Don't give us sanctimonious lectures. Does Mamata Banerjee have to do vote bank to send one silly Anglo Indian elected to Parliament? Only one has been elected. Not for vote bank, because she believes in the Constitution of India, every one is eligible. I am happy to say, Sir, with humility, only one Anglo Indian in 72 years has been elected. Who made it possible? It is Ms. Mamata Banerjee. For those Christians who are going dabbing around with the BJP, this is the reward you will get, whether you are Christians, whether you are Muslims, whether you are minority, or Bengali Hindus who again are a minority. This is all big talk telling us about stories outside. I don't want to get into stories, Sir, I am on the Bill. I don't want to waste time talking

about yesterday, because Anglo Indians are not yesterday. In Railways, everybody knows the story of an engine driver of Bombay Howrah mail in 1960s. He kept on to the train, he saved everyone else and he died. He was not looking to see who the passengers were, Hindus, Muslims, everybody was there. Percy Carroll died. That is one story. In Armed forces, about the Indo-Pak war, there are endless stories, three Param Vir Chakras in two weeks. On 26th January, 2019, beautiful Republic Day parade, we all were there, *Pradhan Mantri, Raksha Mantri,* everyone.

(Contd. by PB/2O)

PB-RPM/2O/3.00

SHRI DEREK O'BRIEN (CONTD.): Flypast. Who was leading it? Captain Elvis, Group Captain Elvis, an Anglo Indian, Sir, one of the 296. Sport, Education; now let us give you some history. In 1947, when the British left because the Bengali freedom fighters worked the hardest for that, the Constituent Assembly had Frank Anthony. They offered the Anglo Indians, whatever the number, 'Go to Andaman Islands; we will make that into a territory'; and the community said, 'No, we are a small community, we are a gallant community, we don't want Andaman Islands; we want to be a part of India.' That was the commitment made. Sir, I will take two more minutes.

What did Frank Anthony say? Beautiful lines! This was the great Constituent Assembly Member. He told his community, 'The more we love and are loyal to India, the more will India love and be loyal to you.' Sir, one more big contribution. Today, with Mr. Bachchan and Mr. Siddhartha Basu, 'Quizzing' has become very big. Twenty years after Independence, Anglo Indians gave Quizzing and General Knowledge. They brought it to India. In 1967, my father, Neil O'Brien, did the first open quiz and today I speak with a sore throat but my father and mother, Neil and Joyce, are giving me the strength. Listen, Sir, which is a quiz question. Which is the only community with the word 'Indian' in its name? 'Anglo-Indian'. Sir, you can take away 13 seats. You can take away two MP seats. ले लो। But you can never take away 'Indian' from the 'Anglo-Indian'. Sir, this is not about Anglo-Indian. This is a much bigger issue here. Yesterday's Citizenship (Amendment) Bill left out. What it didn't say, it left out. That is the dangerous. And I made a little mistake yesterday because I think I said something a little wrong. I had started comparing the Nazi Copybook to the current dispensation and I think I got it wrong because this is an insult to the Nazi Copybook also. This is getting far ahead.

Sir, I want to end now. I want to end now by urging the Minister, make it not ten years for SC/ST, make it 20 years, make it 30 years; and you cannot bring an Ordinance now. They brought this Bill on the last day of legislation. So, no chance of an Ordinance. We know the rules. So, there is no chance of an Ordinance coming. So, the reservation is gone. If the motive is not devious, if the motive is not diabolical, you please bring a Constitutional (Amendment) when Parliament comes into Session. On behalf of my community and not the Trinamool Congress because I have spoken as a Trinamool Congress, when these things happen to any community, when you were betrayed once in 1947 because you stayed back, today, many in the community are feeling betrayed. But, Sir, the community, I know, we are a small but gallant community and today on behalf of this community, I want to rededicate ourselves to the only Book we know and we shall ever know and I will do it in truly Anglo-Indian style, which is a 'kiss'. Thank you, Sir.

(Ends)

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SATYANARAYAN JATIYA): Thank you. Shri N. Gokulakrishnan. Not here. ...(Interruptions)... Oh. Yes. He is very much here. ...(Interruptions)... Please, please. Allow him to speak.

SHRI N. GOKULAKRISHNAN: Sir, ...(Interruptions)...

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया) : कृपया माननीय सदस्यगण आपस में बातचीत न करें। लगातार बातचीत करना, सदन की कार्यवाही में व्यवधान उत्पन्न करता है। अत : मेरा अनुरोध है कि लम्बी बातचीत करने से ये सारी कार्यवाही बाधित होती है।

(2 पी/एसकेसी पर आगे)

SKC-LP/2P/3.05

(THE VICE-CHAIRMAN, SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY, in the Chair)

श्री अमर शंकर साबले (महाराष्ट्र) : उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने और मेरी पार्टी ने मुझे एससी, एसटी के राजनैतिक आरक्षण को दस साल तक बढ़ाने के लिए 'The Constitution (126th Amendment) Bill, 2019' पर बोलने का जो अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपके और अपनी पार्टी के प्रति धन्यवाद व्यक्त करता हूं।

महोदय, एससी, एसटी आरक्षण बिल पर बोलने से पहले मैं इस देश के आरक्षण के जनक छत्रपति शाहूजी महाराज, सामाजिक क्रांति के प्रणेता महात्मा ज्योतिबा फुले, संविधान निर्माता महामानव परमपूज्य बाबा साहेब डा0 भीमराव अम्बेडकर, अंतिम पायदान पर जो व्यक्ति हैं, उनके विकास की बात करने वाले पं0 दीनदयाल उपाध्याय, पेरियार जी और कांशीराम जी का स्मरण करके उनके प्रति मेरे श्रद्धा-सुमन अर्पित करता हूं।

महोदय, लोक सभा में यह बिल पास हुआ है और इस सदन में भी पास होने वाला है। इसको समर्थन देने वाली सभी पार्टियों के सदस्यों का मैं आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने इस बिल का समर्थन किया है।

(3बी-पीआरबी पर जारी)

PRB-KGG/3B/4.00

श्री अमर शंकर साबले (क्रमागत) : महोदय, मैं आभार व्यक्त करते हुए, इस संदर्भ में संत कबीर की दो पंक्तियां कहना चाहूंगा -

"कबिरा खड़ा बाजार में, मांगे सबकी खैर,
न काहू से दोस्ती, न काहू से बैर।"

महोदय, मुझे बहुत खुशी है कि एससी, एसटी आरक्षण के संदर्भ में रूलिंग पार्टी हो या अपोज़िशन पार्टी हो, जिन्होंने इस बिल का समर्थन करने के लिए सहमति बनाई है और इस सहमति के संदर्भ में भगवान गौतम बुद्ध के जीवन का एक दृष्टांत मैं आपको बताना चाहता हूं। इस सहमति से समाज, संगठन और देश कैसे लाभान्वित होता है, इस वज्जी संदेश से मालूम पड़ता है। भगवान गौतम बुद्ध का निवास वज्जी देश में हो रहा था, उस वक्त लिच्छवी देश का राजा बाजू के देश के ऊपर आक्रमण करना चाहता था। आक्रमण करने से पहले भगवान गौतम बुद्ध के दर्शन हों और उनका मार्गदर्शन मिले, इसलिए वह भगवान गौतम बुद्ध के पास गए थे। उसके पहले भगवान गौतम बुद्ध के करीब के बहुत विश्वासू ज्ञानी भदंत आनंद के साथ उनकी बात हुई, उन्होंने आने का प्रयोजन बताया। भदंत आनंद ने गौतम बुद्ध को यह बात बताई, तो भगवान गौतम बुद्ध ने भदंत आनंद से कुछ वार्तालाप किया, कुछ सवाल-जवाब किए। उसी वार्तालाप को, सवाल-जवाब को भगवान गौतम बुद्ध के जीवन में वज्जी संदेश नाम से जाना जाता है। वज्जी संदेश क्या है? यह वज्जी संदेश सरल भाषा में कहें, तो समाज, जो संगठन एक साथ बैठता है, किसी विषय पर एक साथ चर्चा करता है, अगर मत-मतांतर है, तो

argument करता है, लेकिन उस बैठक में उठने के पहले सहमति से, एकमत से, हंसी-खुशी से, अगर वह उठता है और जिस समाज और संगठन में बुजुर्गों का मान रखा जाता है और जिस समाज और संगठन में महिलाओं को सम्मान दिया जाता है, उस समाज को, उस संगठन को और उस देश को दुनिया की कोई भी ताकत परास्त नहीं कर सकती है, यह वज्जी संदेश है। अभी यह जो बिल रखा गया है और सहमति से पास होने वाला है, इससे दुनिया को यह मैसेज जाएगा कि इस देश में एससी, एसटी के हितों के लिए एससी, एसटी के कल्याण के लिए, उनकी सुरक्षा के लिए इस देश के सभी राजनैतिक दल और इस देश के सभी नागरिक सजग हैं, उनके समर्थन में काम करने वाले हैं, यह मैसेज पूरी दुनिया में जाएगा...(समय की घंटी)... और इस देश का लोकतंत्र मजबूत होगा। जब मोदी सरकार सत्ता में आने वाली थी, तब मुद्दे उठाए गए थे कि संविधान बदला जाएगा, अनुसूचित जाति, जमाती वर्ग पर अन्याय बढ़ जाएंगे, लेकिन जब मोदी जी सत्तापक्ष में आए, तो उन्होंने कहा कि संविधान इस देश का धर्मग्रंथ है। मेरी सरकार इस भीमस्मृति के आधार पर काम करेगी, अगर इस देश का संविधान डा. भीमराव अम्बेडकर जी ने नहीं लिखा होता, तो यह सामान्य आदमी इस देश का प्रधान मंत्री कभी नहीं बनता।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुखेन्दु शेखर राय) : कृपया समाप्त कीजिए।

श्री अमर शंकर साबले : सर, बस एक मिनट में समाप्त कर दूंगा। इस देश में लोक सभा या राज्य सभा हो, यह पार्लियामेंट हो, इस पार्लियामेंट को नमन करके और इस समाज को मेरी सरकार समर्पित है, ऐसी भाषा कहकर मोदी सरकार ने इस समाज के

कल्याण की, सुरक्षा की और आरक्षण की व्यवस्था मजबूत करने की कोशिश की है। इसलिए मैं मोदी सरकार के इस Constitution (Amendment) Bill, 2019 को समर्थन देता हूं और सबको आह्वाहन करता हूं कि इसको समर्थन दिया जाए।

(समाप्त)

(3C/RPM पर आगे)

SSS-RPM/4.05/3C

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): There is an announcement. Voting on this Bill will take place at 4.30 p.m. So, the leaders of the parties concerned may kindly ensure the presence of their Members who are not here.

श्री शमशेर सिंह ढुलो (पंजाब) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2019 पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। इसे caste based reservation कहा जाता है। आज़ादी से पहले भी डा. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने पूना पैक्ट में वर्ष 1932 में अपनी एक representation दी थी। उसमें मांग की गई थी कि दलित, सोशल, पिछड़े और पीड़ित समाज के लिए reservation होनी चाहिए। ब्रिटिश गवर्नमेंट के तहत भी वर्ष 1935 में Government of India Act पास हुआ। उस समय ब्रिटिश प्राइम मिनिस्टर Ramsay MacDonald थे। बाबा साहेब अम्बेडकर जी ने उन ब्रिटिश प्राइम

मिनिस्टर को भी एक representation दी और separate electorate की मांग की थी। मुझे याद है, उस समय, पूना पैक्ट के against महात्मा गांधी जी ने अनशन रखा था। महात्मा गांधी जी ने उसमें separate electorate की बजाय एक साझा electorate की मांग की थी। महात्मा गांधी जी की वह बात मानी गई और उनका मौन व्रत तुड़वाया गया। यह reservation आज़ादी के बाद नहीं, बल्कि उससे पहले भी दी गई थी।

महोदय, मैं कह सकता हूं कि यदि डा. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर यदि इतने पढ़े-लिखे न होते और वे representation नहीं देते और हिन्दुस्तान के करोड़ों गरीबों, दलितों और पिछड़ों की रहनुमाई नहीं करते, तो शायद आज़ादी के बाद भी हमें reservation नहीं मिलता।

महोदय, reservation देना एक मजबूरी है। अफसोस की बात है कि 70-72 साल की आज़ादी के बाद, बार-बार reservation 10-10 साल के लिए क्यों बढ़ाया जाता रहा है, इसके पीछे क्या है? यह बार-बार सिर्फ 10 साल के लिए ही क्यों बढ़ाया जा रहा है ? यहां स्कीम्स बहुत हैं, बहुत सारी योजनाएं बनाई जाती हैं और शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स का नाम लिया जाता है और जाति के basis पर reservation कई लोगों को कड़वा लगता है, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि यह जात-पात की देन किन की है? सोसायटी को जात-पात में किसने बांटा ? इस मनुवादी सोच को कौन लोग लाए? हम इस देश के मूल निवासी हैं। इस देश के आदिवासी और वनवासी ही, इस देश के शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स हैं।

महोदय, इस देश में पिछड़ों और आदिवासियों के साथ सदियों से गुलामों जैसा व्यवहार होता रहा है। हम लोग 70 सालों में इस भेदभाव को दूर नहीं कर पाए, क्योंकि इसके लिए मानसिकता बदलने की जरूरत है। हम अपनी मानसिकता नहीं बदल पाए। आप देखें कि डा. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने कहा था कि इस देश में इन गरीब लोगों का कल्याण तब होगा, जब political तौर पर, social तौर पर , धार्मिक तौर पर और economic तौर पर disparity दूर होगी। जब इस प्रकार का भेदभाव दूर हो जाएगा, तब समझा जाएगा कि इस देश को सही तौर पर आज़ादी मिली है।

महोदय, हमारा देश आज़ाद मुल्क है, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि आज भी देश के करोड़ों लोगों को गुलामी में रहना पड़ता है, क्योंकि उन्हें आज़ादी की हवा भी नहीं लगी। जो लोग interior में रहते हैं, जो लोग गांवों में रहते हैं और जो लोग जंगलों में रहते हैं, उन्हें आज़ादी का कोई benefit नहीं मिला है। इसलिए आप politically देख लें, हमारी छोड़िए, आप अपनी Ministry में देख लीजिए, कितने शेड्यूल्ड कास्ट्स के मिनिस्टर्स हैं? यहां भी तो disparity है, उन्हें कौन से विभाग दिए गए हैं ? Minority का एक मिनिस्टर बैठा है। देश में जितनी संख्या शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स की है, उसके अनुपात के हिसाब से, उतने मिनिस्टर भी नहीं बनाए गए हैं और उन्हें डिपार्टमेंट्स भी अच्छे नहीं दिए गए हैं। यह तो सब political है। मैं इस बात को कहने में भी कोई संकोच नहीं करूंगा कि यह हमारे समय में भी होता रहा है। यह सिर्फ खानापूर्ति है कि SC ST को मंत्री बनाना है। हमारी कम्युनिटी के जजेज़ कितने हैं ? हमारी कम्युनिटी में backlog कितना है और सर्विसेज़ कितनी हैं, इन सभी बातों को देखा

जाना चाहिए। मैं पिछले 50 साल से सियासत में हूं और मिनिस्टर भी रहा हूं और अन्य कई पदों पर रहा हूं। मैं बताना चाहता हूं कि कभी भी reservation पूरा नहीं हुआ।

(3 डी/एल पर जारी)

LP-NBR/4.10/3D

श्री शमशेर सिंह दुलो (क्रमागत) : किसी डिपार्टमेंट में कभी रिज़र्वेशन पूरा नहीं हुआ। जब श्री राजीव गाँधी प्राइम मिनिस्टर बने थे, तब उन्होंने सैंटर में बैकलॉक पूरा किया था। उन्होंने यह काम किया था, आपने क्या किया? बहुत बातें होती हैं, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की 125वीं जन्म शताब्दी मनाई जाती है, उनका नाम लिया जाता है, पर मैं यह कहना चाहता हूं कि अम्बेडकर जी को फॉलो भी करना चाहिए। ..(समय की घंटी)..बार-बार इस रिज़र्वेशन की जरूरत क्यों पड़ती है? आप socially ही देख लीजिए, सामाजिक तौर पर असमानता है, जात-पात है, बराबर बैठ नहीं सकते हैं। अभी यहाँ एम.पी. की बात कही गई है, कर्णाटक में क्या हुआ? मंदिर की बात कही गई है, लेकिन मंदिरों में जाने की इजाजत नहीं है। हमारे बाबू जगजीवन राम जी मंदिर गए थे, उस मंदिर को गंगा जल से धोया गया था। आपके बनाए हुए राष्ट्रपति जी, पुष्कर महाराज गए, वहाँ उन्हें मंदिर में दाखिल नहीं होने दिया था। वे सीढ़ियों पर बैठकर आ गए। ऐसी तो आपकी मानसिकता है। आपने कहा कि हमने इस वर्ग का प्रेजिडेंट बना दिया, श्री के.आर.नारायणन को भी प्रेजिडेंट बनाया था। ये तो प्रेजिडेंट बना देते हैं, लेकिन आप यह बताइए स्टेट्स में शैड्यूल्ड कास्ट वर्ग के चीफ मिनिस्टर कहाँ हैं?..(व्यवधान)..कोई शैड्यूल्ड कास्ट का चीफ मिनिस्टर नहीं है। प्राइम

मिनिस्टर की बात छोड़िए, उनका नाम ही नहीं लेते हैं कि किसी शैड्यूल्ड कास्ट के व्यक्ति को प्राइम मिनिस्टर बनाना है। उनका कोई भी नाम नहीं लेता है।..(समय की घंटी)..कोई भी पार्टी हो, इनका नाम नहीं लेते हैं, क्योंकि इन्हें वोट बैंक के तौर पर यूज़ करते हैं।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुखेन्दु शेखर राय) : आप कृपया समाप्त कीजिए। ।

श्री शमशेर सिंह ढुलो : इनको खैरात देते हैं। ..(व्यवधान).. खैरात देते हैं। ..(व्यवधान)..ऐसी मानसिकता है।

एक माननीय सदस्य : आपका टाइम समाप्त हो गया है।

श्री शमशेर सिंह ढुलो : टाइम समाप्त हो गया है।

(समाप्त)

उपसभाध्यक्ष (श्री सुखेन्दु शेखर राय) : श्री रामविलास पासवान जी, आप बोलिए। आप बैठकर बोल सकते हैं।

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री रामविलास पासवान) : उपसभाध्यक्ष जी, मैं भारत सरकार को, प्रधान मंत्री जी को और सभी माननीय सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं कि आज यह जो संविधान संशोधन विधेयक लाया गया है, जिसमें अगले दस साल के लिए अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति के लोगों की विधान सभा और लोक सभा में आरक्षण की अवधि को बढ़ाने का प्रस्ताव है, इस संबंध में मुझे इस बात पर पूरा विश्वास है कि जिस तरीके से यह विधेयक लोक सभा में सर्वसम्मति से पास हुआ है, उसी तरीके से यहाँ राज्य सभा में भी पास होगा।

उपसभाध्यक्ष जी, यह जो आरक्षण का मुद्दा है, इस पर मुझे पूरा विश्वास है कि जो दलित वर्ग के आरक्षण का मामला है या आदिवासी लोगों के आरक्षण का मामला है, उस पर किसी व्यक्ति का कोई विरोध नहीं रहा है। बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर जी हमारे प्रणेता हैं। इनके अतिरिक्त महात्मा फुले जी हैं, पेरियार जी हैं, रामास्वामी नायकर जी भी हैं, जिनका बहुत योगदान रहा है। मैं इसके साथ-साथ यह भी कहूंगा कि इन लोगों के होने के बावजूद भी इस देश में जो ऊँची जाति के लोग हैं, उनका योगदान भी कम नहीं रहा है।

महोदय, भगवान बुद्ध कोई दलित नहीं थे, पिछड़े नहीं थे, लेकिन उन्होंने सामाजिक न्याय के लिए सबसे पहले वर्ण व्यवस्था के खिलाफ आवाज़ उठाई थी। दयानन्द सरस्वती जाति से ब्राह्मण थे, लेकिन दयानन्द सरस्वती जी ने जब पाखंडवाद के खिलाफ लड़ने का काम किया, तब उन्हें भी ज़हर पिलाने का काम किया गया था। विवेकानन्द जी जाति से कायस्थ थे, उन्होंने कहा था कि, "अरे ऊँची जाति के लोगों अपने अधिकार को इन शूद्रों के हाथ में दे दो, नहीं तो जब वह उठेगा, जो एक फूँक से तुम्हारी ताकत को उठाकर, तुम्हारी शक्ति को फेंक देगा।" श्री वी.पी. सिंह दलित नहीं थे, वे पिछड़ी जाति के भी नहीं थे, लेकिन उन्होंने 1990 में मंडल कमीशन के समय अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। मैं उस समय श्रम कल्याण मंत्री था। मेरे पास एस.सी./एस.टी., ओबीसी, माइनॉरिटी, विमेन, चिल्ड्रन और लेबर डिपार्टमेंट था। मैंने उस 11 महीने में यह कोशिश की कि पहले बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी का पार्लियामेंट के सेंट्रल हॉल में पोर्टेट नहीं था, लेकिन 14 अप्रैल को उनकी तस्वीर लगाई

गई। 1977 में, जब हम जीतकर आए थे, तब हमने पहली बार जब यह विषय उठाया था तो यह कहा गया कि जगह ही नहीं है, लेकिन बाद में सबसे बढ़िया जगह पर उनकी तस्वीर लगाई गई। उनके जन्म दिवस पर छुट्टी की घोषणा की गई।

(AKG/3E पर जारी)

AKG-USY/3E/4.15

श्री रामविलास पासवान (क्रमागत) : उनको भारत रत्न देने का काम किया। हमारे जो नवबौद्ध साथी हैं, जिन्होंने बाबा साहेब अम्बेडकर के साथ धर्म परिवर्तन किया था,

(श्री सभापति पीठासीन हुए)

उनको भी अनुसूचित जाति का दर्जा देने का काम किया गया। इसलिए हमने कहा कि इसमें ऊँची जाति के भी लोग हैं। हालाँकि वी.पी. सिंह जी को बहुत गाली सुननी पड़ी। उनकी अपनी जाति के लोगों ने ही उनको नकार दिया। उनकी मृत्यु कैसे हुई, कभी इसके बारे में दो लाइंस पेपर में भी नहीं आईं, लेकिन आगे आने वाला इतिहास हमेशा याद रखेगा। यह जो SC/ST Act है, यह राजीव जी के समय में पास हुआ था, लेकिन जब हम मंत्री बने थे, हमने इसको notify किया। फिर मोदी जी की सरकार में इसको और मजबूत किया गया। फिर जब कोर्ट में इसको dilute करने की कोशिश की गई तो फिर उसके बाद तीन दिन के अन्दर लोक सभा और राज्य सभा से पारित करके SC/ST Act को फिर से बहाल करने का काम किया गया। इसलिए मैं आपसे कह रहा था कि सामाजिक न्याय की लड़ाई हर जाति के लोगों ने लड़ी है। संयुक्त सोशलिस्ट

पार्टी में 1969 में डा. लोहिया थे, मैं उस समय एमएलए बना था, 50 साल पहले। यहाँ राम गोपाल जी हैं, मुलायम सिंह यादव जी, हम सब लोग संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी में थे। हमारे नेता कौन थे? सिर्फ कर्पूरी ठाकुर जी को छोड़ दीजिए, वे बिहार में पिछड़ी जाति के थे, बाकी सारे के सारे, डा. लोहिया से लेकर मधु लिमये, मामा बालेश्वर दयाल, राज नारायण जी, एस.एम. ज्योति, मधु दंडवते, मृणाल गोरे, प्रमिला दंडवते, बगैतकर जी, ये जितने लोग थे, ये सारे के सारे ऊँची जाति के लोग थे। हम लोग ट्रेनिंग लेते थे और उसमें हम लोगों को पढ़ाया जाता था, संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी का मतलब था - संसोपा, कि

"संसोपा ने बाँधी गाँठ, पिछड़ा पावे सौ में साठ।
राज-पाट है किसके हाथ, अंग्रेजी और ऊँची जात।
ऊँची जाति की क्या पहचान, गिटपिट बोले करे न काम।
छोटी जाति की क्या पहचान, करे काम और सहे अपमान।
अंग्रेज यहाँ से चले गए, अंग्रेजी को भी जाना है।
अंग्रेजी में काम न होगा, फिर से देश गुलाम न होगा।
राष्ट्रपति का बेटा हो या चपरासी की हो संतान,
बिरला या गरीब का बेटा, सबकी शिक्षा एक समान।
करखनिया दामों की कीमत, आने खर्च से ड्योढ़ा हो,
अन्न के दाम की घटती-बढ़ती, आने-सेर के भीतर हो।
महँगाई को जो नहीं रोके, वह सरकार निकम्मी है,

जो सरकार निकम्मी है, वह सरकार बदलनी है।" ...(व्यवधान)...

देखिए, ताली बजाने की जरूरत नहीं है। ...(व्यवधान)...

श्री सभापति : यह सबके लिए लागू होता है। ...(व्यवधान)... Unnecessarily आप अपने ऊपर मत लीजिए।

श्री रामविलास पासवान : आप लोग राजनीति क्यों लाते हैं?

श्री सभापति : वही समस्या है न।

श्री रामविलास पासवान : मैं तो वह कह रहा हूँ, जो हम लोगों ने ट्रेनिंग ली है। अनुसूचित जातियों के लिए कहा गया था कि

"जुल्म करो मत, जुल्म सहो मत,
जीना है तो मरना सीखो,
कदम कदम पर लड़ना सीखो।
गाँधी लोहिया की अभिलाषा,
चले देश में देसी भाषा।"

ये सारी की सारी चीजें थीं। मैं इसे इसलिए कह रहा था, क्योंकि इसमें कोई जाति की बात नहीं थी। इसमें ऊँची जाति के लोग भी थे, सब लोग थे। दुर्भाग्य से 1977 के बाद से हम लोगों की ट्रेनिंग खत्म हो गई। हम सत्तापरस्त हो गए, कार्यकर्ता नेता को देखने लगा, कौन पार्टी में है, क्या है, कौन पार्टी पावर में आएगी। जो पढ़ाई थी, वह सारी की सारी पढ़ाई खत्म हो गई। हम लोगों को पढ़ाया जाता था कि देखो, अमीर-गरीब में झगड़ा हो, तो हमेशा गरीब का साथ दो ; औरत-मर्द में झगड़ा हो, तो हमेशा औरत का

साथ दो; बहुसंख्यक-अल्पसंख्यक में झगड़ा हो, तो हमेशा अल्पसंख्यक का साथ दो ; सरकार और जनता के बीच में झगड़ा हो, तो हमेशा जनता का साथ देना चाहिए। हम लोगों को यह ट्रेनिंग दी जाती थी। इसलिए मैं कहना चाहता हूँ कि आज यह जो आरक्षण का मुद्दा आया है, असल जो आरक्षण का मुद्दा था, वह तो 24 सितंबर, 1932 का था।

(3एफ/एससीएच पर जारी)

SCH-PK/4.20/3F

श्री रामविलास पासवान (क्रमागत) : उस समय में MacDonald जी प्राइम मिनिस्टर थे और उन्होंने एक Communal Award दिया था। वह Communal Award था कि जहां अनुसूचित जाति के लोग खड़े होंगे, वहां अनुसूचित जाति के लोगों को ही उन्हें वोट देने का अधिकार होगा। चूंकि आज आबादी बहुत अधिक है और इसमें शैड्यूल्ड कास्ट्स के लोग केवल 15 प्रतिशत हैं, लेकिन 85 प्रतिशत तो दूसरे लोग हैं। कोई भी शैड्यूल्ड कास्ट का नेता अगर जोर से शैड्यूल्ड कास्ट की बात बोलना शुरू करेगा, तो दूसरी बार वह लौटकर नहीं आएगा, इसलिए आज सब लोग compromise कर लेते हैं, ताकि सब लोग खुश रहें। इसी को लेकर बाबा साहेब अम्बेडकर अड़ गए थे और उन्होंने कहा था कि देखो, एक सेक्शन के द्वारा पाकिस्तान की मांग हो रही है, तो हमको भी हमारा अधिकार दो, नहीं तो हम भी अपना अधिकार, अपना राज्य मांगेंगे। उस समय गांधी जी पुणे की यरवदा जेल, सेंट्रल जेल में आमरण अनशन पर चले गए थे। अंत में जब बाबा साहेब अम्बेडकर जी पर बहुत दबाव पड़ा, तो उन्होंने कहा कि ठीक है, गांधी जी को

बचाने के लिए मैं समझौता कर रहा हूं। इस तरह आरक्षण का जो मामला है, यह उसी समय में शुरू हुआ था। हालांकि आधिकारिक तौर पर यह 26 जनवरी, 1950 को शुरू हुआ, लेकिन इसका बेस वहीं से शुरू हो गया था। आज जो अनुसूचित जाति और जनजाति के लोग हैं, वे पहले अछूत माने जाते थे। महात्मा गांधी जी ने उन्हें हरिजन कहा, लेकिन हरिजन अनपार्लियामेंटरी शब्द है। साउथ में जो महिलाएं मंदिर में देवदासी होती हैं, उनके जो बच्चे होते हैं, जिनके बाप का पता नहीं होता है, उनको हरिजन कहा जाता है, इसलिए सब लोगों ने इसका विरोध किया था। उसके बाद अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति बने, लेकिन जो दलित शब्द है, वह oppressed class के लिए है। चूंकि यह बड़ा शब्द था, इसीलिए चल रहा है।

श्री सभापति : रामविलास जी, प्लीज़।

श्री रामविलास पासवान : सर, पांच मिनट दीजिए, हम तो कभी बोलते ही नहीं हैं। यह हमारा फेवरेट सब्जेक्ट है।

श्री सभापति : मैं मानता हूं कि आप बहुत अनुभवी हैं, बहुत मेहनत करके यहां तक आए हैं, लेकिन समय का ध्यान रखिए।

श्री रामविलास पासवान : सर, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि यह जो लड़ाई है, यह सामाजिक लड़ाई है। यह कोई पार्टी की लड़ाई नहीं है, यह समाज की लड़ाई है। सामाजिक न्याय का मतलब होता है - सबको न्याय। हमें इस बात की खुशी है कि 1990 में जब हम आए थे, तब से लेकर अब तक अनुसूचित जाति के लिए जो भी हमसे बन पड़ा, वह हमने किया। सबसे पहले हमने बाबा साहेब अम्बेडकर से शुरू किया, फिर

मंडल कमीशन को लागू करवाया। मंडल कमीशन के समय में हमारे दिमाग में कभी यह नहीं था कि कोई बैकवर्ड-फॉरवर्ड की बात होगी, चूंकि अपने वी.पी. सिंह जी ऊँची जाति के लोग थे और बाद में इनको बैकवर्ड-फारवर्ड का दर्जा दे दिया गया। बहुत कम लोगों को मालूम है, लेकिन जो माइनॉरिटी के लोग हैं, वे जानते हैं कि पैगम्बर मोहम्मद के जन्मदिन की छुट्टी रामविलास पासवान ने 1990 में, वी.पी. सिंह जी के समय में देने का काम किया था। जो SC/ST Commission था, उसको संवैधानिक दर्जा दिलवाया। जो महिला कमिशन था, उसको भी संवैधानिक दर्जा देने का काम किया गया। नवबौद्धों को आरक्षण देने का काम किया गया।

महोदय, आज नरेन्द्र मोदी जी की सरकार है, जिसमें हम सब लोग हैं। किसको मालूम था कि कांग्रेस पार्टी, एनसीपी और शिव सेना का एक मोर्चा बनेगा? हम इसको बुरा भी नहीं मानते हैं। अब secularism का जमाना गया, communalism का जमाना गया, backward-forward का जमाना गया, अब सीधे-सीधे सबके पास जो मुद्दा है, वह विकास का मुद्दा है। इसी पर सब लोगों को जोर देना चाहिए। मैं बताना चाहता हूं कि जब वी.पी.सिंह जी की सरकार आई, उस सरकार में भी हम लोग रहे हैं। वी.पी. सिंह जी की सरकार ने क्या-क्या काम किया, ये आप सब जानते हैं। नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने क्या-क्या काम किया? बाबा साहेब अम्बेडकर से जुड़े हुए जो पांच स्थान थे, महू में उनका जन्म हुआ, आप वहां जाकर देखिए, वहां शानदार स्मारक बन गया। 26, अलीपुर रोड के उनके घर में म्यूज़ियम बना दिया गया। इसके बाद लखनऊ में, अमरीका में और इंग्लैंड में जहां उन्होंने पढ़ाई की थी, वहां उनके मकान को खरीदकर

राष्ट्रीय स्मारक बनाने का काम किया गया है। मुम्बई के हमारे साथी यहां बैठे हैं, वहां इंदु मिल की जमीन को खरीद कर, उनके लिए देने का काम किया गया है। हम लोग हल्ला नहीं करते हैं। 19 92 में श्री के.आर.नारायणन जी उपराष्ट्रपति बने थे, उन्हें उपराष्ट्रपति बनाने में रामविलास पासवान का हाथ रहा है।

(3G/PSV पर जारी)

PSV-PB/3G/4.25

श्री रामविलास पासवान (क्रमागत): जिस समय देवगौड़ा-गुजराल की सरकार थी, हम लोक सभा में लीडर थे। उस समय हमने लड़ कर उनको वाइस प्रेज़िडेंट बनाया। फिर वे प्रेज़िडेंट बने, लेकिन बिना किसी के माँगे हुए आज -- प्रेज़िडेंट की हालाँकि कोई जाति नहीं होती है, लेकिन आज हमारा जो प्रेज़िडेंट है, एक दलित वर्ग का व्यक्ति है। सभापति जी, हम कभी उसका राजनीतिक फायदा उठाने का काम नहीं करते हैं। इसलिए मैं आप से इतना ही कहना चाहूँगा कि अम्बेडकर साहब ने आज़ादी के बाद कहा था कि देखो, देश की आज़ादी मिल गयी, पोलिटिकल आज़ादी बहुत हद तक, जो अछूत वर्ग के लोग थे, उनको मिल गयी है, लेकिन अभी तक जो आर्थिक और सामाजिक विषमता है, वह कायम है। यह जो आर्थिक और सामाजिक विषमता कायम रहेगी, तो ये उस वर्ग के लोग हैं, जो किसी दिन सारे स्ट्रक्चर को खत्म करने का काम करेंगे।

MR. CHAIRMAN: Right, Ramvilasji.

श्री रामविलास पासवान: सर, सिर्फ दो मिनट।

श्री सभापतिः आपका एक्चुअल टाइम 5 मिनट था, मैंने 11 मिनट समय दिया।

श्री रामविलास पासवानः सर, मुझे तो इन लोगों ने टाइम दिया था। मैं तो बोलना भी नहीं चाहता था, कहता था कि बीजेपी का टाइम है।

सर, मैं आपसे कहना चाहता हूँ कि जो ट्राइबल्स हैं, आज ट्राइबल्स की क्या स्थिति है? हम कहते हैं कि आप मच्छर को डीडीटी से मार सकते हैं, लेकिन जब तक गंदे नाले की सफाई नहीं होगी, मच्छरों का पैदा होना बन्द नहीं होगा। तो जो जिसका अधिकार है, वह देने का काम कीजिए। आज मोदी जी हैं। यदि राहुल जी किसी के घर में जाकर खाना खाते हैं, तो क्या दिक्कत है? लेकिन आपको इस बात को भी सोचना चाहिए कि भारत के प्रधान मंत्री कुम्भ मेले में जाते हैं, जहाँ मंदिर-मंदिर की माँग हो रही है, वहाँ से निकलते हैं और सफाई मजदूर के यहाँ जाकर पाँव धोने का काम करते हैं। तो जो अच्छा काम है, उसको appreciate करना चाहिए।

मैं आपसे इतना ही कहना चाहूँगा कि भारत एक बगीचा है। इस बगीचे में हर तरह के फूल हैं। हम चाहते हैं कि सब फूल खिलें। ऊँची जाति के लोगों को ...(व्यवधान)... सर, मैं खत्म कर रहा हूँ। दलित को आरक्षण मिल गया था, तो पिछड़ी जाति को गुस्सा था, पिछड़ी जाति के लिए मंडल कमीशन लागू हुआ, तो ऊँची जाति को गुस्सा था, लेकिन आज मुझे इस बात की खुशी है कि भारत का प्रधान मंत्री, जो अति पिछड़ी जाति का है, उसके हाथों से-- जहाँ वी.पी. सिंह ऊँची जाति के थे, उन्होंने मंडल कमीशन को लागू किया, वहीं एक अति पिछड़ी जाति के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने ऊँची जाति के गरीब लोगों के लिए 10 परसेंट आरक्षण लागू किया है। यही

सामाजिक समरसता है। हम लोग पार्लियामेंट में हैं। बाहर जाते हैं, सब भाई हैं। यहाँ अपना political मामला है, चलता रहता है। मैं आप सब लोगों से आग्रह करना चाहता हूँ कि जो सामाजिक न्याय का मामला है, उसमें सब लोग योगदान कीजिए। जब तक इस देश में सामाजिक न्याय नहीं आयेगा-- यह पोलिटिकल आरक्षण तो हो गया है। जो चार क्रांतियाँ हैं- सांस्कृतिक क्रांति, सामाजिक क्रांति, आर्थिक क्रांति और पोलिटिकल क्रांति। एक पर हम पहुँच गये हैं, अब तीनों को हासिल करना है। इन्हीं शब्दों के साथ, मैं प्रधान मंत्री जी को, अपने भाई रवि शंकर प्रसाद जी को, राज्य सभा में हमारे नेता थावरचन्द गहलोत जी हैं, अनुसूचित जाति के हैं, उनको और सब साथियों को, सभी दलों के लोगों को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूँ। मैं आग्रह करूँगा कि जब अनुसूचित जाति-जनजाति की atrocities का मामला आये, अधिकार का मामला आये, तो हम लोग राजनीति से ऊपर उठ कर उसकी समस्या का समाधान करने का काम करें। बहुत-बहुत धन्यवाद, सर।

(समाप्त)

श्री सभापतिः धन्यवाद। Shri Banda Prakash; two minutes. इसके बाद Leader of the Opposition बोलेंगे।

DR. BANDA PRAKASH (TELANGANA): Respected Chairman, Sir, thank you very much for giving me the opportunity to speak on the Bill.

Sir, on behalf of our Party and on my own behalf, I support 'The Constitution (One Hundred and Twenty-sixth Amendment) Bill, 2019' for

providing reservation for ten years. But we wanted to get some clarifications. For how long will we maintain this '10 years' '10 years' '10 years'? Is there any study from the Government side as to what is the status of the SC/STs in the Judiciary or higher education institutions or anywhere? What is their status? For how long we have to continue this reservation? What is the time-frame? As on today, no study has been made. The hon. Minister has presented this Bill today.

(Contd. by 2h/SKC)

BKS/SKC/3H/4.30

DR. BANDA PRAKASH (contd.): Take the case of the Supreme Court. How many people from the SC and ST categories are posted at higher levels in the judiciary? How many such people are there in the High Court? Till today, 100 per cent reservation has not been implemented even at the lower levels. Even the last time, in some other instance, I had said that in IIMs and IITs, representation of SCs and STs was very nominal. There was none on the faculty side. There are not even one or two per cent of STs. Even SCs don't find proper representation, or opportunities, in the present scheme of things. Before coming to the Parliament, I had asked the Minister as to why it was ten years and why it can't be made 25 years of reservation for SCs

and STs. We have been, time and again, bringing Constitution Amendment Bills. How many times would we go in for Constitution Amendment Bills without studying the facts at the ground, without looking at the lower and higher levels of education? Even if steps are initiated to clear this backlog, how many years would it take to create employment and clear the backlog in the judiciary? What is the time-frame? That should also have been indicated while presenting the Bill. It is not mentioned even in the Statement of Objects and Reasons as to in how many years they wanted to bring this Bill. What are the reasons for this? Before bringing such Bills, there should be a complete study of the Bill and then bring it to the House.

Sir, I would also like to know why no reservations have been made for the Anglo-Indian community. Do we have any data with us? Do we have State-wise statistics to support this decision? Why do you want to discontinue the existing system? That too needs to be clarified by the hon. Minister.

Sir, even with these limitations, we support the Bill.

(Ends)

MR. CHAIRMAN: Shri Pradeep Tamta, you may take two minutes as I would be calling the LoP.

श्री प्रदीप टम्टा (उत्तर प्रदेश): माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। हम गांधी जी की 150वीं जयंती मना रहे हैं, मैं उनको नमन करते हुए प्रणाम करना चाहता हूं। मैं इस हाउस को याद दिलाना चाहता हूं कि अभी 26 नवम्बर को हमने संविधान दिवस मनाया, 26 जनवरी को हम गणतंत्र दिवस मनायेंगे। लोग कहते हैं कि कांग्रेस ने क्या किया। इस पूरे देश के दलित डा. अम्बेडकर को अपना भगवान मानते हैं और हजारों वर्षों तक, आगे तक जब तक असमानता रहेगी, अन्याय और जुल्म इस देश और दुनिया में रहेगा, डा.अम्बेडकर को लोग याद करेंगे। लेकिन मैं इस भरी सभा में आप सबसे पूछना चाहता हूं कि जब देश का संविधान लिखा जा रहा था, एक से एक विद्वान थे, जिन्होंने इस देश के लिए सब कुछ अर्पित किया था। कानून के ज्ञाता थे, देश की आजादी के लिए बहुत कुछ किया था। उस समय गांधी जी और कांग्रेसी ही थे, जिन्होंने ड्राफ्टिंग कमेटी के चेयरमैन के रूप में डा. अम्बेडकर को चार्ज दिया। आज हम सब लोग डा.अम्बेडकर को इस देश का, दलितों का और मानवता का उद्धारक मानते हैं, यह कांग्रेस ने दिया। कांग्रेस के पास, दलितों के पास कोई भगवान नहीं था, लेकिन आपके पास भगवानों की लाइन है, राम हैं, कृष्ण हैं और अन्य कितने भगवान हैं। लेकिन जिन दलितों के पास कोई मुक्ति का नायक नहीं था, वह नायक कांग्रेस ने दलितों को दिया, पीड़ित मानवता को दिया। आज सबसे बड़ा सवाल यह है कि दलितों के ऊपर इतनी एट्रोसिटीज़ होती हैं। इस एट्रोसिटी एक्ट के लिए मैं पूर्व प्रधान मंत्री, स्व. श्री राजीव गांधी को नमन करता हूं, प्रणाम करता हूं, जिनकी हम 75वीं जयंती मना रहे हैं। पंचायतों में महिलाओं, दलितों,

पिछड़ों को जो अधिकार मिला, वह स्व.श्री राजीव गांधी की देन थी। वह स्व.राजीव गांधी ही थे, जब इस देश के अंदर दलितों के ऊपर बढ़ते हुए अत्याचारों को रोकने के लिए एक नए कानून की आवश्यकता थी और उस एट्रोसिटीज़ एक्ट, एस.सी.,एस.टी. एक्ट को स्व. राजीव गांधी ने इस देश में बनाया था।

महोदय, भारत के बहुत मशहूर कानूनविद् श्री उपेन्द्र बख्शी जी ने कहा था कि यह देश के इतिहास का सबसे बड़ा क्रांतिकारी कानून है तो यह कांग्रेस की देन थी।

(3J/VNK पर आगे)

VNK-HK/3J/4.35

श्री सभापति : प्लीज़, प्लीज़।

श्री प्रदीप टम्टा : सर, एक मिनट और दे दीजिए।

श्री सभापति : ठीक है, बोलिए।

श्री प्रदीप टम्टा : सर, मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूँ कि जब यूपीए- ॥ की सरकार थी, तब राजीव गाँधी जी द्वारा लाए गए उसी कानून को और मजबूत बनाने के लिए ऑर्डिनेंस लाया गया था, लेकिन यह मोदी सरकार ही थी, जिसने सारे ऑर्डिनेंसेज़ को नए सिरे से जारी किया, लेकिन सिर्फ यही ऑर्डिनेंस था, जिसको नए सिरे से जारी नहीं किया गया। यह आपकी दलितों के प्रति कमिटमेंट है।

महोदय, उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है।...(व्यवधान)...

श्री सभापति : नहीं, नहीं, प्लीज़। आप विषय पर आइए न, उत्तराखंड पर क्यों जा रहे हैं?

श्री प्रदीप टम्टा : सर, मैं तीस सेकंड में अपनी बात समाप्त कर दूँगा।

श्री सभापति : मैंने आपको तीस सेकंड दिये, लेकिन आप विषय पर आइए, क्योंकि उत्तराखंड के विषय में बताने में समय लगेगा।

श्री प्रदीप टम्टा : सर, उत्तराखंड में बीजेपी की सरकार है, कोर्ट ने कहा कि पदोन्नति में आरक्षण दे दो, वहां के हाई कोर्ट ने कहा कि आरक्षण दे दो, लेकिन उत्तराखंड की सरकार इस देश की सुप्रीम कोर्ट में चली गई कि अब अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों को पदोन्नति में आरक्षण नहीं देंगे। मेरा आपके माध्यम से इस सरकार से अनुरोध है कि अगर दलितों के प्रति हमदर्दी है, तो मोदी सरकार यह कहे कि हम पदोन्नति में आरक्षण का अधिकार देंगे। यह मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में पड़ा हुआ है। हमारे ऊपर economic ceiling कभी लागू ही नहीं होती थी...(व्यवधान)...

श्री सभापति : प्लीज़, प्लीज़।

श्री प्रदीप टम्टा : विधान सभा में जो बिल पड़ा हुआ है, उसको संसद में लाया जाए और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति को पदोन्नति में आरक्षण देने संबंधी कानून बनाया जाए।

(समाप्त)

MR. CHAIRMAN: I would like to tell everybody that immediately after the Minister's reply, voting will start. This is the decision. There is no question of changing it.

SHRI VAIKO: Sir, I need two minutes after him. ...(Interruptions)...

MR. CHAIRMAN: You have not given your name.

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामदास अठावले) : सभापति महोदय,

"आज मेरा खुश हुआ है दिल, क्योंकि एससी, एसटी रिज़र्वेशन का पास हो रहा बिल।
रवि शंकर प्रसाद जी और हम सब मिल कर मोदी सरकार का मजबूत कर रहे हैं wheel,
'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास', यही है हमारी डील।"

महोदय, आज बहुत ही क्रांतिकारी दिवस है, डा. बाबा साहेब अम्बेडकर जी ने संविधान में Scheduled Castes and Scheduled Tribes के लिए रिज़र्वेशन देने का निर्णय ले लिया था, 15 परसेंट आरक्षण Scheduled Castes के लिए और 7.5 परसेंट आरक्षण आदिवासियों के लिए तथा लोक सभा तथा विधान सभाओं में इन वर्गों के लिए सीट रिज़र्व रखने का निर्णय हुआ था, इसलिए इन वर्गों के बहुत सारे एमपीज़ लोक सभा में चुन कर आते हैं और एमएलएज़ विधान सभाओं में चुन कर आते हैं। इसी तरह से राज्य सभा और विधान परिषद् में भी रिज़र्वेशन होना चाहिए, बहुत सालों से इस तरह की माँग है। इसके साथ ही मंत्रिमंडल में भी रिज़र्वेशन होना चाहिए। Population के मुताबिक रिज़र्वेशन होना चाहिए।

SHRI MD. NADIMUL HAQUE: Sir, I associate.

MR. CHAIRMAN: You will not get an opportunity here. You can raise it in Bengal.

श्री रामदास अठावले : सभापति महोदय, 1950 में Scheduled Castes की जो population 15 परसेंट थी, वह अभी 16.4 परसेंट हो गयी है और एसटी की जो

population 7.5 परसेंट थी, वह अभी 8.6 परसेंट हो गयी है, इसलिए इसमें भी बढ़ोतरी करने की आवश्यकता है। अगर उस समय population के मुताबिक रिज़र्वेशन रखा गया था, तो उस समय दोनों को मिला कर 22.5 परसेंट population थी और दोनों को मिला कर रिज़र्वेशन भी 22.5 परसेंट था, लेकिन अब population 25 परसेंट हो गयी है, इसलिए उनके लिए रिज़र्वेशन भी 25 परसेंट करने की आवश्यकता है। लोक सभा में दो सीट्स Anglo Indians के लिए होती हैं और 543 सीट्स इलेक्टेड होती हैं। अभी इधर Anglo Indians हैं ही नहीं, कहने का मतलब यह है कि इधर सब इंडियन्स हैं, Anglo Indians कहाँ से लाएंगे? कहने का मतलब यह है कि इधर Anglo Indians ज्यादा नहीं हैं, इसलिए इस बिल में, उनके लिए जो दो सीट्स रखी गयी थीं, उनको रद्द करने का प्रावधान है।

महोदय, मेरी माँग यह है कि जो सिन्धी समाज है, जो सिन्ध प्रांत से भारत में आया था, उनके लिए सीट्स रिज़र्व करनी चाहिए। रवि शंकर जी, चूँकि यहाँ पर लाखों, करोड़ों की संख्या में सिन्धी समाज के लोग हैं, इसलिए आपको सिन्धी समाज के लिए दो सीट्स रिज़र्व करने के बारे में भी विचार करने की आवश्यकता है। सिन्धी समाज अपना ही समाज है। हम सब हिन्दी हैं, वे सब सिन्धी हैं। मेरी यह माँग है कि उनको भी रिज़र्वेशन मिलना चाहिए। मेरा इतना ही कहना है कि अभी यह रिज़र्वेशन और दस साल के लिए बढ़ रहा है और इस रिज़र्वेशन को बढ़ाने का प्रावधान संविधान में है। इसके विपरीत शिक्षा और नौकरियों में रिज़र्वेशन के लिए दस साल का प्रावधान नहीं है यानी इसमें कोई समय-सीमा नहीं है। जब तब दलितों पर अत्याचार होता रहेगा, जब

तक जाति व्यवस्था रहेगी, तब तक यह रहेगा। जब जाति व्यवस्था खत्म हो जाएगी, तब हम आरक्षण छोड़ने के लिए तैयार हैं। समाज में अच्छा परिवर्तन हो भी रहा है, जोड़ने का काम भी हो रहा है। मोदी जी संविधान बदलेंगे नहीं, खत्म नहीं करेंगे, लेकिन अपोज़िशन को खत्म करने की हमारी कोशिश है।

(3K/RK-DPS पर जारी)

RK-DPS/4.40/3K

श्री रामदास अठावले (क्रमागत) : लोकतंत्र में हमें ज्यादा सीटें चुनकर लाने का अधिकार है। इस बार 303 सीटें आई थीं, एनडीए की 353 सीटें आई थीं, अगली बार हमारी 400 से ऊपर सीटें आएंगी और सीटें बढ़ती जाएंगी और काँग्रेस की सीटें कम होती जाएंगी। यह ठीक बात है कि आप भी कोशिश करो, लेकिन जब तक मैं इनके साथ हूँ, तब तुम्हारा कुछ चलने वाला नहीं है।

MR. CHAIRMAN: Right, Ramdas*ji*.

श्री रामदास अठावले : जब मैं आपके साथ था, तब आपकी गाड़ी अच्छी चलती थी, लेकिन मैं उधर चला गया, तो एक चक्का गिर गया और गाड़ी आगे नहीं चल रही है। मुझे लगता है कि यह बिल बहुत इम्पॉर्टेंट है। मैं रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की तरफ से इस बिल का समर्थन करता हूँ। हमारी सरकार संविधान को बचाने वाली है, हमारी सरकार संविधान की सुरक्षा करने वाली है और मोदी जी यहाँ संविधान को मजबूत करने के लिए आए हैं। संविधान को बिल्कुल खतरा नहीं है। इन्हीं शब्दों के साथ, मैं इस बिल का समर्थन करता हूँ। जय भीम, जय भारत! (समाप्त)

MR. CHAIRMAN: Now, LoP. ...(Interruptions)...

SHRI VAIKO: Sir, I am asking for only two minutes....(Interruptions)... I will confine myself to two minutes.

MR. CHAIRMAN: Hon. LoP, I have called you. ...(Interruptions)... You speak.

नेता विरोधी दल (श्री गुलाम नबी आज़ाद) : सर, रिज़र्वेशन का concept 1935 से शुरू हुआ। जब गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट, 1935 में बना और provinces के लिए ज्यादा self-rule की बात हुई, एक federal structure की बात हुई, तब उसी वक्त रिज़र्वेशन ऑफ सीट्स की बात हुई, जो कि 1937 से लागू हुआ, लेकिन स्वतंत्र होने के बाद Constitution Assembly में देश के सभी विद्वानों ने यह सोचा कि हमारे मुल्क का एक वर्ग ऐसा है, जो हजारों सालों से पिछड़ा हुआ है। चाहे यहाँ किसी भी ruler का शासन रहा है, बाहर वाले बादशाहों का, अंग्रेजों का, मुगलों का या उससे पहले किसी का शासन रहा हो, लेकिन यह एक सेक्शन शोषित रहा। इनको आर्थिक तौर पर, सामाजिक तौर पर और राजनीतिक तौर पर किस तरह से दूसरे समाज के वर्गों के बराबर किया जाए, इस वजह से ही इनके लिए संविधान में रिज़र्वेशन रखा गया। न सिर्फ विधान सभाओं और पार्लियामेंट में, बल्कि सर्विसेज़ में भी रिज़र्वेशन रखा गया। आगे चलकर हर सरकार ने यह प्रयास किया कि इनके उत्थान के लिए, एससी-एसटी के उत्थान के लिए, डेवलपमेंट के लिए, विकास के लिए, उनको गरीबी की रेखा से ज्यादा से ज्यादा ऊपर उठाने के लिए, बाहर निकालने के लिए काम किया जाए और

इस तरह से protective arrangement, affirmative action, जिसमें रिज़र्वेशन आता है and development, इन तीनों पर काम चल रहा था, लेकिन इन तीनों पर काम होने के बावजूद भी -- मुझे बहुत अफसोस होता है कि आजादी के 70-72 साल बाद और Constitution के 70 साल बाद, आज भी देश में बहुत सारी घटनाएं होती हैं, इसलिए कोई सख्त कानून बनाने की और तुरंत एक्शन लेने की जरूरत है। एक्शन में देरी होती है। कानून बने हैं, लेकिन सिर्फ कानून ही काफी नहीं होता है, एक्शन जरूरी होता है, मैसेज देने की जरूरत होती है। मैं कहना चाहता हूँ कि चाहे ये तमाम चीज़ें उनको मिली हैं, लेकिन दलित आज भी पीड़ित हैं, वे आज भी प्रोटेक्शन चाहते हैं। मैं सरकार से यही निवेदन करूँगा कि जहाँ कहीं भी कोई घटना हो, चाहे उसे जलाने की घटना हो, बलात्कार की घटना हो, मारने-पीटने की घटना हो, तो कानून को उस पर फौरी तौर पर कार्रवाई करनी चाहिए।

सर, दूसरा मेरा सरकार से निवेदन होगा कि Scheduled Castes and Scheduled Tribes Sub-Plan बना था, इसमें जो पैसा घट रहा है, इसका बुरा असर डेवलपमेंट पर पड़ रहा है, इसलिए जो भी backlog है, आने वाले समय में उसे पूरा कर देना चाहिए और उनकी संख्या के हिसाब से उनका जो भी पैसा बनता है, उन्हें मिलना चाहिए। मुझे खुशी है कि आज फिर दोबारा, जैसे हर दस साल के बाद सभी राजनीतिक दल, अपनी राजनीति से ऊपर उठकर इसे दस-दस साल के लिए बढ़ाते हैं, आज भी हम और हमारी पार्टी पूरा समर्थन करती है, पूरा विपक्ष समर्थन करता है कि रिज़र्वेशन को और बढ़ाया जाए। (3एल/डीएस पर जारी)

DS-KSK/4.45/3L

श्री गुलाम नबी आज़ाद (क्रमागत) : जहाँ मुझे इतनी खुशी है कि इस एससी-एसटी रिज़र्वेशन को 10 साल के लिए बढ़ाया जा रहा है, उतना ही मुझे अफसोस है कि कांस्टिट्यूशन में एक और प्रोविज़न एंग्लो-इंडियंस के लिए था, उनके लिए पार्लियामेंट में रिज़र्वेशन था, उनके लिए लोक सभा में दो सीटें थीं और इसके अलावा 14 विधान सभाओं में भी उनके लिए रिज़र्वेशन था, उसको खत्म किया जा रहा है। यह कितना अन्याय है कि हम एक ही बिल में एक रिज़र्वेशन को तो 10 साल के लिए बढ़ा रहे हैं और दूसरी minority, बिल्कुल miniscule minority, जो न होने के बराबर है, उसकी रिज़र्वेशन विधान सभा में खत्म कर रहे हैं!

माननीय चेयरमैन सर, सन् 1980 से 1999 के दौरान मुझे लोक सभा में Frank Anthony*ji* का भाषण सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। Frank Anthony*ji* सन् 1942 से लेकर 1946 तक Central Legislative Assembly के मेम्बर रहे, बाद में वे Constituent Assembly के मेम्बर रहे। उसके बाद, वे पहली लोक सभा, यानी सन् 1952 से लेकर 10वीं लोक सभा तक के मेम्बर रहे। वे सिर्फ छठी और नौवीं लोक सभा में नहीं रहे, लेकिन बाकी लोक सभाओं में रहे। उनके भाषणों को सुनकर लगता था कि वे कितने विद्वान थे। वे बैरिस्टर थे, लंदन से पढ़े हुए थे और वे सिर्फ एक समुदाय के लिए नहीं बोलते थे, बल्कि पूरे देश के लिए बोलते थे। इस समुदाय में ऐसे लोग रहे हैं और आज हम उनका रिज़र्वेशन खत्म कर रहे हैं! सर, मैं एक मिनट और लूँगा।

सर, किसी भी इंसान को, विशेष तौर पर भारत जैसे देश में, जहाँ विभिन्न धर्म हैं, विभिन्न जातियाँ हैं, तीन चीज़ें चाहिए। उसे आर्थिक प्रोटेक्शन चाहिए, सामाजिक प्रोटेक्शन चाहिए, जैसा कि हमने दलितों के लिए कानून बनाया है, उसको बढ़ा रहे हैं और दूसरा, उसे political empowerment चाहिए। शायद, उस साइड के लोगों को political empowerment की कभी जरूरत नहीं पड़ी है, लेकिन जिस कम्युनिटी से मैं आता हूँ या जिस धर्म से मैं आता हूँ, उसके लिए छः साल से political empowerment खत्म हो गई है। भारत के इतिहास में यह पहली दफा होगा कि रूलिंग पार्टी के 545 एमपीज़ में से एक भी minority का हो, क्योंकि कोई टिकट ही नहीं दिया जाता है, जीतने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता। साढ़े पाँच सौ ! यूपी में तो मैं सबकी empowerment की बात करता हूँ। ...(व्यवधान)... कभी-कभी सच सुनने की भी आदत होनी चाहिए। मैं कोई ऐसा unparliamentary word नहीं बोल रहा हूँ, यह दुनिया जानती है, आप भी जानते हैं। इसमें कौन-सा अकथ्य है? उत्तर प्रदेश, जो देश की सबसे बड़ी स्टेट है, जहाँ विधान सभा की 404 सीटें हैं, लेकिन रूलिंग पार्टी एक को भी टिकट नहीं देता। मैं यह दर्द जान सकता हूँ। इसलिए मैंने पहले कहा कि यह दर्द आप नहीं जानेंगे, मैं जानूँगा, क्योंकि political empowerment...(Interruptions)...

قائد حزب اختلاف (جناب غلام نبی آزاد) : سر، رزرویشن کا کنسیپٹ 1935 سے شروع ہوا۔ جب گوورنمنٹ آف انڈیا ایکٹ، 1935 میں بنا اور پرووِنسز کے لئے زیادہ سیلف-رول کی بات ہوئی، ایک فیڈرل اسٹرکچر کی بات ہوئی، تب اسی وقت رزرویشن آف سیٹس کی بات ہوئی، جو کہ 1937 سے لاگو ہوا، لیکن آزاد ہونے کے بعد کانسٹی ٹیوشن اسمبلی میں دیش

کے سبھی ودوانوں نے یہ سوچا کہ ہمارے ملک کا ایک طبقہ ایسا ہے، جو ہزاروں سالوں سے پچھڑا ہوا ہے۔ چاہے یہاں کسی بھی رولر کا شاسن رہا ہے، باہر والے بادشاہوں کا، انگریزوں کا، مغلوں کا یا اس سے پہلے کسی کا شاسن رہا ہے، لیکن یہ ایک سیکشن شوشت رہا۔ ان کو آرتھک طور پر، سماجک طور پر اور راجنیتک طور پر کسی طرح سے دوسرے سماج کے طبقوں کے برابر کیا جائے، اس وجہ سے ہی ان کے لئے سنودھان میں رزرویشن رکھا گیا۔ نہ صرف ودھان سبھاؤں اور پارلیمنٹ میں، بلکہ سروسز میں بھی رزرویشن رکھا گیا۔ آگے چل کر ہر سرکار نے یہ کوشش کی کہ ان کے اتّھا کے لئے، ایس-سی-ایس-ٹی- کے اتّھان کے لئے، ڈیولپمینٹ کے لئے، وکاس کے لئے، ان کو غریبی کی ریکھا سے زیادہ سے زیادہ اوپر اٹھانے کے لئے، باہر نکالنے کے لئے کام کیا جائے اور اس طرح سے protective arrangement, affirmative action, جس میں یہ رزرویشن آتا ہے اور ڈیولپمینٹ، ان دنوں پر کام چل رہا تھا، لیکن ان دنوں پر کام ہونے کے باوجود بھی – مجھے بہت افسوس ہوتا ہے کہ آزادی کے ستّر-بہتّر سال بعد اور کانسٹی ٹیوشن کے ستّر سال بعد، آج بھی دیش میں بہت ساری گھٹنائیں ہوتی ہیں، اس لئے کوئی سخت قانون بنانے کی اور فورا ایکشن لینے کی ضرورت ہے۔ ایکشن میں دیری ہوتی ہے۔ قانون بنے ہیں، لیکن صرف قانون ہی کافی نہیں ہوتا ہے، ایکشن ضروری ہوتا ہے، میسیج دینے کی ضرورت ہوتی ہے۔ میں کہنا چاہتا ہوں کہ چاہے یہ تمام چیزیں ان کو ملی ہیں، لیکن دلت آج بھی پیچھے ہیں، وہ آج بھی پروٹیکشن چاہتے ہیں۔ میں سرکار سے یہی نویدن کروں گا کہ جہاں کہیں بھی کوئی گھٹنا ہو، چاہے اسے جلانے کی گھٹنا ہو، بلاتکار کی گھٹنا ہو، مارنے پیٹنے کی گھٹنا ہو، تو قانون کو اس پر فوری طور پر کاروائی کرنی چاہئے۔

سر، دوسرا میرا سرکار سے نویدن ہوگا کہ شیڈیول کاسٹس اور شیڈیول ٹرائبس سب-پلان بنا تھا، اس میں جو پیسہ گھٹ رہا ہے، اس کا برا اثر ڈیولپمینٹ پر پڑ رہا ہے، اس

لئے جو بھی بیک-لوگ ہے، آنے والے وقت میں اسے پورا کر دینا چاہئے اور ان کی تعداد کے حساب سے ان کا جو بھی پیسہ بنتا ہے، انہیں ملنا چاہئے۔ مجھے خوشی ہے کہ آج پھر دوبارہ، جیسے ہر دس سال کے بعد سبھی راجنیتک دل، اپنی راجنیتی سے اوپر اٹھ کر اسے دس-دس سال کے لئے بڑھاتے ہیں، آج بھی ہم اور ہماری پارٹی پورا سمرتھن کرتی ہے، پورا ویکش کرتا ہے کہ رزرویشن کو اور بڑھایا جائے۔ جہاں مجھے اتنی خوشی ہے کہ اس ایس-سی-ایس-ٹی- رزرویشن کو دس سال کے لئے بڑھایا جا رہا ہے، اتنا ہی مجھے افسوس ہے کہ کانسٹی ٹیوشن میں ایک اور پرووژن اینگلو-انڈینس کے لئے تھا، ان کے لئے پارلیمنٹ میں رزرویشن تھا، ان کے لئے لوک سبھا میں دو سیٹیں تھیں اور اس کے علاوہ چودہ ودھان سبھاؤں میں بھی ان کے لئے رزرویشن تھا، اس کو ختم کیا جا رہا ہے۔ یہ کتنی ناانصافی ہے کہ ہم ایک ہی بل میں ایک رزرویشن کو تو تو دس سال کے لئے بڑھا رہے ہیں اور دوسری مائنارٹی، بالکل miniscule minority, جو نہ ہونے کے برابر ہے، اس کا رزرویشن ودھان سبھا میں ختم کر رہے ہیں۔

مانّئے چیئرمین سر، سن 1980 سے 1999 کے دوران مجھے لوک سبھا میں فرینک انتھونی جی کا بھاشن سننے کا سوبھاگیہ حاصل ہوا ہے۔ فرینک انتھونی جی سن 1942 سے 1946 تک سینٹرل لیجسلیٹو اسمبلی کے ممبر رہے، بعد میں وہ کانسٹی ٹیوشن اسمبلی کے ممبر رہے۔ اس کے بعد، وہ پہلی لوک سبھا، یعنی سن 1952 سے لے کر دسویں لوک سبھا تک کے ممبر رہے۔ وہ صرف چھٹی اور نویں لوک سبھا میں ممبر نہیں ہے، لیکن باقی لوک سبھاؤں میں رہے۔ ان کے بھاشنوں کو سن کر لگتا تھا کہ وہ کتنے ودوان تھے۔ وہ بیرسٹر تھے، لندن سے پڑھے ہوئے تھے اور وہ صرف ایک سمودائے کے لئے نہیں بولتے تھے، بلکہ پورے دیش کے لئے بولتے تھے۔ اس سمودائے میں ایسے لوگ رہے ہیں اور آج ہم ان کا رزرویشن ختم کر رہے ہیں۔ سر، میں ایک منٹ اور لونگا۔

